● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 50, पृष्ठ : 08, सीधी, सोमवार , 24 मार्च 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ

भारत ने पूरी दुनिया को दिया शांति का संदेश : रिजिजू 5

ईशान ने सीजन का पहला शतक बनाया 6

आक्रांताओं जैसी मानसिकता वाले लोग देश के लिए खतरा

औरंगजेब पर मचे बवाल के बीच बोले आरएसएस के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले

बंगलूरू

देश में औरंगजेब को लेकर छिड़ी बहस और नागपुर में हुई हिंसा के बाद मचे बवाल के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब बीआर आंबेडकर द्वारा लिखित संविधान में धर्म आधारित आरक्षण स्वीकार नहीं किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि अयोध्या में राम मंदिर संघ की उपलब्धि नहीं है, बल्कि समाज की उपलब्धि है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आक्रमणकारी या आक्रांताओं जैसी मानसिकता वाले लोग भारत के लिए खतरा हैं। उन्होंने एक वक्त पर कर्नाटक में मचे बवाल को लेकर भी बात की और कहा कि भाजपा शासन के दौरान मंत्रियों के निजी सचिव के रूप में संघ के पदाधिकारियों

की नियुक्ति के लिए कभी जोर नहीं दिया गया।

औरंगजेब पर मचे बवाल पर होसबोले ने रविवार को बंगलूरू में कहा कि अतीत में बहुत सी घटनाएं हुई हैं। दिल्ली में एक औरंगजेब रोड थी, जिसका नाम बदलकर अब्दुल कलाम रोड कर दिया गया। इसके पीछे कुछ कारण थे। औरंगजेब के भाई दारा शिकोह को हीरो नहीं बनाया गया। गंगा-जमुनी तहजीब की वकालत करने वालों ने कभी दारा शिकोह को आगे लाने के बारे में नहीं सोचा। क्या हम किसी ऐसे व्यक्ति को आइकॉन बनाएंगे जो भारत की संस्कृति के खिलाफ था, या हम उन लोगों के साथ जाएंगे जिन्होंने इस भूमि की परंपराओं के अनुसार काम किया?

उन्होंने कहा कि अगर आजादी की लड़ाई अंग्रेजों के खिलाफ लड़ी जाती है तो यह आजादी की लड़ाई है। उनसे पहले जो लोग थे यानी अंग्रेजों से पहले, उनके खिलाफ लड़ाई भी आजादी की लड़ाई थी। महाराणा प्रताप ने जो किया, वह आजादी की लड़ाई थी। अगर आक्रमणकारी मानसिकता वाले लोग हैं, तो वे देश के लिए खतरा हैं। हमें तय करना होगा कि हम अपने देश की संस्कृति के साथ किसे जोड़ने जा रहे हैं। यह धर्म की बात नहीं है। यह आरएसएस का दृढ़ विचार है।

कर्नाटक सरकार की ओर से सरकारी ठेकों में मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण देने के फैसले पर चल रही बहस के बीच होसबोले ने कहा कि संविधान धर्म आधारित कोटा की अनुमति नहीं देता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के आरक्षण हमारे संविधान निर्माता बीआर आंबेडकर के खिलाफ हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के समापन दिवस पर यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए होसबोले ने कहा, %बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा रचित संविधान में धर्म आधारित आरक्षण को स्वीकार नहीं किया गया है। ऐसा करने वाला कोई भी व्यक्ति हमारे संविधान निर्माता के खिलाफ जा रहा है।

उन्होंने यह भी बताया कि पूर्ववर्ती अविभाजित आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र की ओर से मुसलमानों के लिए धर्म आधारित आरक्षण लागू करने के पिछले प्रयासों को उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया था।

प्रदेश में हो रहा है तेजी से विकास : डॉ. यादव

मुख्यमंत्री ने जामसांवली में की चमत्कारिक हनुमानजी की पूजा-अर्चना

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल निर्देशन में सभी क्षेत्रों में विकास के कार्य तेजी से हो रहे है। विकास के कीर्तिमान स्थापित हुये हैं मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जामसांवली सहित प्रदेश में 13 अलग-अलग लोक के निर्माण कार्य से धार्मिक एवं पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। हनुमान लोक का प्रथम चरण का कार्य मई तक पूर्ण करने का लक्ष्य है और द्वितीय चरण में शीघ्र ही हनुमान लोक के विकास के कार्य होंगे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में प्रत्येक वर्ग के कल्याण के कदम उठाए गए हैं। पांढुर्णा में सभी विकास कार्य होंगे, जिससे जिले में औद्योगिक विकास होगा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुड़ी पडवा (नये विक्रम संवत) की शुभकामनाएँ देते हुये कहा कि नये साल में पांढुर्णा के विकास को

प्राथमिकता से किया जाएगा। । मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को पांढुर्ना में चमत्कारिक हनुमानजी के मंदिर परिसर जामसांवली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में लगातार विकास हो रहे हैं और सभी वर्गों के कल्याण के लिये सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसान, युवा, महिला और गरीबों के लिये सरकार प्राथमिकता से कार्य कर रही है। इस बार किसानों से 2600 रूपये प्रति क्विंटल गेहूं खरीदी जायेगी। साथ ही धान उत्पादन पर भी प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में रोजगार देने का लक्ष्य है। लोकसेवा आयोग की परीक्षाएं जो रुकी थीं, वे सभी हो रही हैं। इसी प्रकार गरीबों के हित लिये भी लगातार कार्य किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जामसांवली में चमत्कारिक हनुमानजी का पूजन-अर्चन कर प्रदेश के कल्याण एवं सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। उन्होंने कन्या-पूजन कर सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर सांसद श्री विवेक बंटी साहू, विधायक श्री कमलेश शाह, पूर्व विधायक श्री नाना भाउ मोहोड़, कलेक्टर श्री अजय देव शर्मा, एसपी श्री सुंदर सिंह कनेश, मंदिर ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष श्री गोपाल शर्मा, पं. रमेश दुबे, श्री संतोष जैन, श्री नरेन्द्र परमार सहित अन्य गणमान्य नागरिक सहित अन्य अधिकारी और आम जन उपस्थित थे।

जज के घर नकदी मामले की निष्पक्ष जांच की मांग

नलिन कोहली बोले-भ्रष्टाचार बर्दाश्त न किया जाए

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से भारी मात्रा में नकदी मिलने का मामला लगातार गरमाता जा रहा है। अब सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता और भाजपा नेता नलिन कोहली ने घटना की जांच और स्पष्टीकरण की मांग की है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। क्योंकि यह किसी प्रतिष्ठान या संस्था के विश्वास और विश्वसनीयता को कम करता है।

उन्होंने कहा कि मीडिया से जो भी पता चला है और सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की रिपोर्ट से जो भी सामने आया है वह बहुत परेशान करने वाला है। ऐसी घटना पहले कभी नहीं हुई। इस मामले में जो पता लगा उसके मुताबिक पहले आग लगने की घटना हुई। फायर ब्रिगेड जज के घर पर गई। इस दौरान बनाई गई वीडियो में बड़ी मात्रा में जली हुई नकदी नजर आ रही है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को जांच सौंपी।

कोहली ने कहा कि जब दिल्ली हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिकारी जज के घर पर गए तो वहां कोई पैसा नहीं था। अब इस नकदी को किस प्रकार समझा जाए। ऐसा लगता है कि नकदी को हटा दिया गया। यह गंभीर सवाल उठाता है। इसका खंडन किया जाना चाहिए और कम से कम स्पष्टीकरण को दिया ही जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जब किसी जज के घर से करोड़ों की नकदी मिलती है तो साफ तौर पर सवाल उठना लाजिमी है। यह बड़ा मुद्दा बनता है और इसका जवाब दिया जाना चाहिए। इसकी जांच की जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय समिति इसकी जांच करेगी और हमें जांच रिपोर्ट का इंतजार करना चाहिए।

नागपुर हिंसा के लिंक बांग्लादेश से जुड़े : निरूपम

मुंबई। शिवसेना नेता संजय निरुपम ने दावा किया है कि नागपुर हिंसा के लिंक बांग्लादेश से जुड़े हैं। संजय निरुपम ने रविवार को एक प्रेसवार्ता में कहा कि नागपुर हिंसा सुनियोजित और एक बड़ी साजिश का हिस्सा है। संजय निरुपम ने कहा कि नागपुर हिंसा में शामिल असामाजिक तत्वों का बांग्लादेश से जुड़ाव हो सकता है। उन्होंने दावा किया कि हिंसा के मामले में गिरफ्तार एक आरोपी सोशल मीडिया पर मुजाहिदीन गतिविधियों के लिए फंड जुटा रहा था। संजय निरुपम ने इसे लेकर शिवसेना यूबीटी पर निशाना साधा और संगठन से उसके जुड़ाव पर सवाल उठाए।

सामाजिक असमानता को खत्म करने की जरूरत : गडकरी

अमरावती। केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता नितिन गडकरी ने एक बार फिर बेबाक बयान दिया है। उन्होंने शनिवार को कहा कि लोग जातिवादी नहीं होते, बल्कि नेता अपने स्वार्थ के लिए जातिवादी होते हैं। यहां एक कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने यह भी कहा कि पिछड़ापन राजनीतिक हित बनता जा रहा है। गडकरी ने कहा, इस बात की होड़ लगी रहती है कि कौन ज्यादा पिछड़ा है।

उन्होंने कहा, लोग जातिवादी नहीं होते, बल्कि नेता अपने स्वार्थ के लिए जातिवादी होते हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक असमानता को खत्म करने की जरूरत है। उन्होंने

कहा कि जातिगत भेदभाव खत्म होना चाहिए और इसकी प्रक्रिया खुद से शुरू होनी चाहिए।

इससे पहले गडकरी ने जातिगत भेदभाव को लेकर अहम टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि मैं जाति के आधार पर भेदभाव नहीं करता हूं। चाहे मुझे फिर वोट मिले या न मिले। लोग जाति के आधार पर मुझसे मिलने आते हैं। मैंने उन सबसे 50,000 लोगों में कह दिया कि जो करेगा जाति की बात, उसके कस के मारूंगा लात। मैं धर्म और जाति की बातें सार्वजनिक रूप से नहीं करता। चाहे चुनाव हार जाऊं या मंत्री पद चला जाए, मैं अपने इस सिद्धांत पर अटल रहूंगा।

केंद्रीय मंत्री ने 15 मार्च को नागपुर में सेंट्रल इंडिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के दीक्षांत समारोह में शिरकत की थी। उन्होंने कहा था कि किसी व्यक्ति का मूल्य जाति, धर्म, भाषा या लिंग के बजाय उसके गुणों से निर्धारित होना चाहिए। किसी व्यक्ति को उसकी जाति, संप्रदाय, धर्म, भाषा या लिंग से नहीं, बल्कि उसके गुणों से जाना जाता है।

हिंसा भड़काने में जामा मस्जिद कमेटी के सदर गिरफ्तार

संभल। संभल जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली एडवोकेट को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सदर पर आरोप है कि 24 नवंबर को हुए बवाल में उनकी भूमिका थी। उन्होंने भड़काऊ बयान दिया था। एसआईटी की जांच में तथ्य सामने आने पर गिरफ्तारी की गई है।

एएसपी श्रीशचंद का कहना है 24 नवंबर के बवाल में आरोपी बनाया गया है। वहीं दूसरी ओर शहर में सुरक्षा बढ़ाई गई है। कई थानों की पुलिस के अलावा पीएसी और आरआरएफ को तैनात किया है। अधिकारी फ्लैगमार्च भी कर रहे हैं।

आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़, सेना ने इलाके को घेरा

जम्मू । जम्मू-कश्मीर के कठुआ में रविवार को सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ उस समय शुरू हुई जब सुरक्षा बलों ने इलाके में संदिग्ध आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद हीरानगर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के पास सान्याल गांव में तलाशी अभियान शुरू किया।

मौके पर दोनों ओर से रुक रुककर गोली चलने की आवाज आ रही है। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। सूत्रों के मुताबिक सेना ने कई आतंकियों को घेरा हुआ है। फिलहाल संख्या के बारे में पुष्टि नहीं हो पाई है।

संविधान से मिलेगा समाधान : न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह

इंफाल। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह ने रविवार को मणिपुर में मौजूद चुनौतियों पर काबू पाने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि अगर लोग संविधान का पालन करें, तो मुश्किल समय में भी समाधान मिल सकता है। बता दें कि मणिपुर उच्च न्यायालय की स्थापना की 12वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में उन्होंने कहा कि मणिपुर एक छोटा राज्य है और यहां चुनौतियां हैं, लेकिन संविधान हमें मुश्किल वक्त में दिशा दिखाता है।

न्यायमूर्ति सिंह ने बताया कि

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को मणिपुर के चुराचांदपुर और बिष्णुपुर जिलों का दौरा किया, जहां उन्होंने लोगों में आशा और सकारात्मकता देखी। उन्होंने कहा कि चुनौतियों का सामना हम संविधान का पालन करके कर सकते हैं। चुराचांदपुर की परंपराएं समृद्ध हैं और वहां का समुदाय जीवंत है।

इसके साथ ही न्यायमूर्ति सिंह ने लोगों से आह्वान किया कि वे देश को मजबूत बनाने के लिए काम करें और इसे कमजोर करने के लिए कुछ न करें। उन्होंने वकीलों को यह भी कहा कि वे अपनी मेहनत और ईमानदारी से काम करें, क्योंकि मणिपुर जैसे दूर-दराज के राज्य में काम करते हुए भी उनकी मेहनत को पहचान मिलती है। शनिवार को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों का प्रतिनिधिमंडल मणिपुर पहुंचा और राहत शिविरों का दौरा किया। उन्होंने आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों से बातचीत की और चुराचांदपुर जिले के लामका में वर्चुअली एक कानूनी सेवा शिविर, चिकित्सा शिविर और कानूनी सहायता क्लिनिक का उद्घाटन भी किया। गौरतलब है कि मणिपुर में इम्फाल घाटी के मेइतेई समुदाय और पहाड़ी इलाकों में रहने वाले कुकी-जो समुदाय के बीच 2023 में जातीय संघर्ष भड़क उठा। हिंसा का मुख्य कारण मणिपुर उच्च न्यायालय का वह आदेश था, जिसमें मेइतेई समुदाय को आदिवासी श्रेणी में शामिल करने की बात कही गई थी।

भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को भारत लाने की तैयारी

नई दिल्ली। गीतांजलि जेम्स के मालिक और 13,850 करोड़ रुपए के बैंक घोटाले के मुख्य आरोपी मेहुल चोकसी अपनी पत्नी प्रीति चोकसी के साथ बेल्जियम में रह रहा है। ये बेल्जियम के एंटवर्प शहर में एफ रेजीडेंसी कार्ड पर रह रहें है। पंजाब नेशनल बैंक घोटाले के बाद 2018 में भारत से एंटीगुआ-बारबूडा भाग गया था। चोकसी को भारत लाने के लिए अधिकारियों ने बेल्जियम सरकार से प्रत्यर्पण प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है। मेहुल

चोकसी और नीरव मोदी पर पंजाब नेशनल बैंक की मुंबई स्थित ब्रेडी हाउस ब्रांच में 13,850 करोड़ रुपए का घोटाला करने का आरोप है। इससे पहले चोकसी ने पासपोर्ट सस्पेंड होने के कारण भारत नहीं लौट पाने का बहाना बनाया था। 2018 में भारत छोड़ने से पहले ही चोकसी ने 2017 में ही एंटीगुआ-बारबूडा की नागरिकता ले ली थी। मेहुल चोकसी बार- बार खराब सेहत का हवाला देकर भारत में पेशी पर आने से इनकार देता था।

कपिल सिब्बल ने चुनाव आयोग को बताया निष्क्रिय संस्था

नई दिल्ली। राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने चुनाव आयोग को निष्क्रिय और विफल संस्था बताया। उन्होंने कहा कि लोगों के एक बड़े वर्ग को चुनाव आयोग पर भरोसा नहीं है क्योंकि इसने अपनी सांविधानिक जिम्मेदारियों के अनुसार कार्य नहीं किए हैं। इसके अलावा उन्होंने विपक्षी गठबंधन इंडिया की एकजुटता पर जोर दिया। सिब्बल ने कहा कि चुनाव आयोग में अविश्वास के मुद्दे से जितनी जल्दी निपटा जाएगा, लोकतंत्र को बचाने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। चुनाव आयोग एक निष्क्रिय संस्था है। चुनाव आयोग ने अपने कर्तव्यों के अनुसार अपने कार्यों का निर्वहन नहीं किया है।

इस बार बिहार का सीएम बनेगा तेजस्वी : लालू

वैशाली। बिहार की सियासत में एक बार फिर गर्मजोशी लौट आई है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव शनिवार को जब पटना से मुजफ्फरपुर के लिए रवाना हुए, तो वैशाली जिले के भगवानपुर में उनका भव्य स्वागत हुआ। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उमड़े और राजद के वरिष्ठ नेता केदार प्रसाद यादव के नेतृत्व में जोरदार अभिनंदन किया गया। इस स्वागत में सबसे खास रहा लालू यादव के लिए तैयार किया गया पारंपरिक भोज, जिसमें मकई की रोटी, बथुआ का साग, लिट्टी और चोखा परोसा गया। केदार यादव ने इसे खास अपने घर पर बनवाया था। उन्होंने भावुक होकर कहा कि हम तो सुदामा हैं और आज कृष्ण भगवान (लालू यादव) ने हमारे हाथों से रोटी-साग खाया। इससे बड़ी खुशी मेरे जीवन में कुछ नहीं हो सकती। इस दौरान लालू प्रसाद यादव ने कार्यकर्ताओं को स्पष्ट संदेश दिया कि अब वक्त आ गया है कि सभी लोग चुनावी अभियान में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि इस बार तेजस्वी यादव ही बिहार के मुख्यमंत्री बनेंगे और जनता का आशीर्वाद उन्हें प्राप्त हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि राजद की नीतियों और जनहितकारी वादों को गांव-गांव तक पहुंचाने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं की है।

हमने हमेशा थरूर के विचारों का सम्मान किया : जयशंकर

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार रात को कहा कि उन्होंने हमेशा कांग्रेस नेता शशि थरूर के विचारों का सम्मान किया है, खासकर सरकार से जुड़े मामलों पर।

जयशंकर बिजनेस टुडे माइंडरश 2025 कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उनसे कांग्रेस सांसद शशि थरूर की ओर से की गई मोदी सरकार की तारीफ को लेकर सवाल किया गया।

जयशंकर ने कहा- हमने रूस-यूक्रेन संघर्ष, उसकी वजह और हालात को समझकर बहुत ही निष्पक्ष तरीके से देखा, जो हमारी सफलता रही। यही वजह है कि इस मुद्दे से भावनात्मक रूप से जुड़े हुए कई पक्ष के लोग हमारे आकलन से प्रभावित हुए हैं।

दरअसल, 19 मार्च को कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मोदी सरकार की तारीफ की थी। थरूर ने कहा- भारत आज ऐसी स्थिति में है, जो रूस और यूक्रेन के बीच शांति स्थापित कर सकता है।

थरूर ने कहा था- भारत के पास ऐसा प्रधानमंत्री है, जो वोलोदिमिर जेलेंस्की और व्लादिमीर पुतिन दोनों को गले लगा सकता है। हम दोनों जगहों (रूस और यूक्रेन) पर स्वीकार किए जाते हैं।

जयशंकर ने कहा, भारत ने न केवल रूस-यूक्रेन युद्ध में तटस्थ रुख अपनाया, बल्कि मध्य पूर्व में ईरान और इजराइल के साथ भी अपने रणनीतिक संबंधों को संतुलित रखा। 2023 में जब हमास

ने इजराइल पर हमला किया, तब भारत ने कूटनीतिक संतुलन बनाए रखा। इजराइल भारत का प्रमुख रक्षा आपूर्तिकर्ता है, जबकि भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों के लिए ईरान पर निर्भर है।

जयशंकर ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वैश्विक नेताओं के साथ मजबूत कूटनीतिक समझ ने भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूती दी है। भारत 'इंडिया फर्स्ट' नीति के तहत 'विकसित भारत' की ओर बढ़ रहा है।

भाजपा नेताओं के करीब थरूर पिछले कुछ समय से कांग्रेस सांसद शशि थरूर कई मौकों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ कर चुके हैं। वह भाजपा सांसदों के साथ तस्वीरें भी खिंचा रहे हैं।

शशि थरूर ने 25 फरवरी को भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के साथ की फोटो एक्स पर शेयर की थी। तस्वीर में उनके साथ ब्रिटेन के ट्रेड सेक्रेटरी जोनाथन रेनॉल्ड्स भी नजर आ रहे हैं। थरूर ने फोटो कैप्शन में लिखा था- ब्रिटेन के बिजनेस और ट्रेड स्टेट सेक्रेटरी जोनाथन रेनॉल्ड्स के साथ उनके भारतीय समकक्ष वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की मौजूदगी में बातचीत करके अच्छा लगा।

थरूर ने मोदी और ट्रम्प की मुलाकात की तारीफ की प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात के कुछ महत्वपूर्ण परिणाम देश के लोगों के लिए अच्छे हैं। मुझे लगता है कि इसमें कुछ सकारात्मक हासिल हुआ है, मैं एक भारतीय के रूप में इसकी सराहना करता हूं। इस मामले में मैंने पूरी तरह से राष्ट्रीय हित में बात की है। थरूर की कांग्रेस से अनबन की खबरें भी आई थीं 18 फरवरी को राहुल गांधी और शशि थरूर के बीच मुलाकात की खबर आई थी। रिपोर्ट्स के अनुसार, थरूर ने राहुल से कहा था कि मुझे संसद में महत्वपूर्ण बहसों में बोलने का मौका नहीं मिलता।

रजमिलान जेई के कार्य प्रणाली पर खड़े हो रहे सवाल, बिना सूचना के विद्युत आपूर्ति बाधित

सिंगरौली। जिले के विद्युत वितरण केंद्र रजमिलान में जब से कनिष्ठ अभियंता अधिकारी रितेश सिंह पदस्थ हुए हैं तब से पूरे विद्युत वितरण केंद्र की विद्युत व्यवस्था ठप्प हो गई है पूरे क्षेत्र में विद्युत उपभोक्ता व किसान परेशान नजर आ रहे हैं विद्युत विभाग कि यह समस्या आए दिन भीषण होती जा रही है लो वोल्टेज जर्जर तार केबिल जिसका कोई देखरेख करने वाला नहीं है जब कंज्यूमर अपनी समस्या कनिष्ठ अभियंता को अवगत कराते हैं तो जेई के द्वारा उपभोक्ताओं की समस्या को नजर अंदाज कर दिया जाता है विद्युत उपभोक्ताओं की समस्या को कोई सुनने व देखने वाला नहीं है जिससे विद्युत उपभोक्ता परेशान हो गए हैं एवं तमाम तरह का चर्चा क्षेत्र में फैल रहा हैं कनिष्ठ अभियंता रितेश सिंह आए दिन सवालों से घिरते जा रहे हैं गली चौराहों पर उनकी भ्रष्टाचार की चर्चा भी खूब होने लगी है। इन दिनों क्षेत्रों में अफरातफरी का माहौल बना हुआ है कनिष्ठ

अभियंता अधिकारी विद्युत विभाग की टीम को भेज कर उपभोक्ताओं को परेशान कराया जा रहा है उपभोक्ताओं को फर्जी बिल भेज कर अवैध वसूली करने का सिलसिला लगातार जारी है उपभोक्ताओं ने मूकनायक समाचार पत्र को अपनी आपबीती बताई और कहा की फर्जी बिल रजमिलान जेई के द्वारा भेज कर वसूली कराया जा रहा है उपभोक्ताओं ने यह भी कहा मीटर लगाने के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है उपभोक्ताओं ने कई बार मीटर लगाने के लिए आवेदन देते रहते हैं फिर भी मीटर नहीं लगाया जाता है और लगातार उपभोक्ताओं को फर्जी बिल भेज कर वसूली कराया जाता है और जब फर्जी बिल जमा करने से उपभोक्ता मना कर देते हैं तो बिजली विभाग के कुछ अधिकारी उपभोक्ताओं के घरों में मौजूद होते हैं और दादागिरी करते हुए उनका कनेक्शन काट दिया जाता है और तार केविल समेट कर बिजली ऑफिस ले जाते हैं और उपभोक्ताओं को बेवजह परेशान होना पड़ता है।

क्षेत्रों में बिना सूचना बंद कर दी जाती है विद्युत सप्लाई

विद्युत उपभोक्ताओं ने कहा बिजली विभाग के पास ऐसा कौन सा कानून है कि बिना किसी सूचना की विद्युत सप्लाई बंद कर दी जाती है जिन उपभोक्ताओं का बिल बकाया है उन्हें सूचना देना चाहिए सूचना के समय सीमा के अंदर यदि वह बिल जमा ना करें तो विद्युत सप्लाई बंद कर देना चाहिए और विद्युत सप्लाई जिनका बिल बकाया है व्यक्तिगत उनका बंद होना चाहिए उस उपभोक्ता का व्यक्तिगत कनेक्शन काटना चाहिए ना कि पूरे ट्रांसफार्मर की विद्युत सप्लाई बंद कर दी जाए पूरे ट्रांसफार्मर की विद्युत सप्लाई बंद कर देने से उन उपभोक्ताओं का क्या दोष है जो हर महीने में समय पर अपना बिजली बिल जमा करते हैं और जो बिल जमा करते हैं उनको भी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है विद्युत वितरण केंद्र रजमिलान क्षेत्रों अभी कई ट्रांसफार्मर को बंद कर दिया गया है और पूरे ट्रांसफार्मर की विद्युत सप्लाई बंद करने से नियमित बिल जमा करने वाले भी उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं।

अतिथि शिक्षक संघ संकुल केंद्र बगदरा की आगामी रणनीति को लेकर बैठक संपन्न

सिंगरौली। अतिथि शिक्षक संघ संकुल केंद्र बगदरा के अतिथि शिक्षकों की बैठक जिलाध्यक्ष उमा शंकर सिंह बैस के दिशा निर्देशन मे व संकुल अध्यक्ष अजीत सिंह के नेतृत्व में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बगदरा मे बैठक आयोजित किया गया। जिसमे अतिथि शिक्षक के हित मे आगामी रणनीतियों को लेकर अतिथि शिक्षको से सुझाव व चर्चा किया गया। यह बैठक संकुल चलो अभियान के तहत कराई गई, जिसमे संकुल अध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा है की अतिथि शिक्षकों के हित के लिए संघर्ष निरंतर जारी रहेगा। वही पर उपस्थित जिला महासचिव लाल सुंदर सिंह ने कहा की संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी अतिथि शिक्षक साथी संगठन का साथ दे और अपने लक्ष्य को प्राप्त करे, इस पुरे बैठक में जिला महा सचिव लाल सुंदर सिंह, संकुल अध्यक्ष अजीत सिंह, संतोष कुमार सिंह, कृष्णा शंकर सिंह, महेंद्र सिंह, संजय सिंह ,आकाश गुप्ता, पुष्पेंद्र सिंह, बुद्धिमान सिंह, अशोक बैस, यज्ञ बहादुर, पुष्पराज सिंह, उमा शंकर, अमरेश कुमार सहित अन्य कई अतिथि शिक्षक उपस्थित रहे।

देर रात मोरवा पुलिस की काम्बिंग गस्त

लंबे समय से फरार 30 हजार इनामी तीन स्थाई वारण्ट तामील, देसी शराब के साथ एक आरोपी भी धराया

सिंगरौली। सिंगरौली पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देश पर सम्पूर्ण जिले में स्थाई फरारी , गिरफतारी हेतु चलाए जा रहे कॉम्बिंग गस्त के दौरान बीती रात मोरवा पुलिस ने 30 हजार के इनामी 03 स्थाई वारण्ट तामील किए हैं। साथ ही कुल 10 गिरफ्तार वारेंट भी तामील किए।

जानकारी अनुसार थाना प्रभारी निरीक्षक उमेश प्रताप सिंह को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक स्थाई वारण्टी खजाची अजगुढ के जंगलो में रहकर फरारी काट रहा है। जिसे लगातार फरार रहने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार का इनाम भी घोषित किया गया था। निरीक्षक ने एक टीम बनाकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी कृष्ण कुमार पाण्डेय की सतत निगरानी में सउनि डीएन सिंह, प्रआर अर्जुन

सिंह गुलाब सिंह, रामकुमार बागरी आर. सिंह, दशरथ मांझी, तुलसीराम म. आर. नुरली सिसोदिया को रवाना कर अजगुढ के जंगल में घेराबंदी कर खजांची कोल पिता रामदयाल कोल उम्र 35 वर्ष निवासी अजगुढ को घेराबंदी कर गिरफतार किया। जिसके खिलाफ प्र.क. 56 / 19 धारा 498, 306 ता. हि. में स्थाई वारण्ट जारी किया गया था। इसके अतिरिक्त 2 स्थाई वारण्ट भी तामील किये गये है। जिसके प्रत्येक में 10-10 हजार रू. के ईनाम घोषित किये गये थे। साथ ही हरजीत सिंह निवासी आदर्श गंगा स्कूल के पास थाना मोरवा एवं पतिराज अगरिया पिता राजाराम अगरिया को गिरफतार किया गया है। इनके साथ अन्य 8 गिरफतारी वारंट तामील किए गए है। इसके अतिरिक्त मोरवा पुलिस ने कौशल कोल निवासी अजगुड को 8 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

एनटीपीसी विंध्याचल को जल संरक्षण में उत्कृष्टता के लिए 2024 के सीबीआईपी पुरस्कार से किया गया सम्मानित

सिंगरौली। सतत जल प्रबंधन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए एनटीपीसी विंध्याचल को 2024 के केंद्रीय सिंचाई और शक्ति बोर्ड पुरस्कार से सम्मानित किया गया । यह पुरस्कार जल पुन- उपयोग परियोजना - जल आपूर्ति/स्वच्छता/ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत उनकी ज़ीरो लिक्विड डिस्चार्ज और वर्षा जल संचयन प्रणाली परियोजना के लिए प्रदान किया गया।यह प्रतिष्ठित पुरस्कार 21 मार्च, 2025 को नई दिल्ली स्थित एससीओपीई परिसर में प्रस्तुत किया गया, जिसमें स्टेशन की जल संरक्षण के क्षेत्र में अभिनव पहलों को मान्यता दी

गई। इस अवसर पर संजय प्रकाश यादव, अपर महाप्रबन्धक (ईएमजी) और राहुल वर्मा, अपर महाप्रबंधक (एयूडी) ने एनटीपीसी विंध्याचल की ओर से यह पुरस्कार प्राप्त किया।एनटीपीसी विंध्याचल की ज़ीरो लिक्विड डिस्चार्ज पहल के माध्यम से, यह सुनिश्चित किया जाता है कि अपशिष्ट जल को उपचारित कर पुन- उपयोग किया जाए, जिससे पर्यावरण में किसी भी प्रकार का जल निर्वहन नहीं होता।

इसके अतिरिक्त, स्टेशन की वर्षा जल संचयन प्रणाली भूजल पुनर्भरण को बढ़ावा देती है, जिससे जल स्थिरता को प्रोत्साहन मिलता है। ये पहलें एनटीपीसी विंध्याचल की पर्यावरणीय जिम्मेदारी और संसाधन अनुकूलन के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती हैं और विद्युत क्षेत्र में जल संरक्षण के लिए नए मानक स्थापित करती हैं।

भारतीय मजदूर संघ हमारा अभिवावक संगठन है और मैं इस परिवार का ही सदस्य हूं : सांसद

सिंगरौली। क्षेत्र के लोकसभा सांसद डॉ राजेश मिश्रा भारतीय मजदूर संघ की एक औपचारिक बैठक में सम्मिलित हुए। सांसद के साथ जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह तथा मंडल अध्यक्ष जयन्त संदीप झा भी इस बैठक में मंचासीन रहे। यह बैठक दुधीचुआ परियोजना के सूर्य किरण में सम्पन्न हुई तथा यह महत्वपूर्ण बैठक भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष कमलेंद्र शेखर शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सांसद के निर्वाचन तथा जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह के जिलाध्यक्ष नियुक्त होने के पश्चात भारतीय मजदूर संघ के साथ यह प्रथम औपचारिक बैठक थी जिसमें कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।

इस दौरान अपने उद्बोधन में सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि मेरी यह प्रबल इच्छा थी कि मैं

भारतीय मजदूर संघ की बैठक दुधीचुआ के सूर्य किरण में सम्पन्न

भारतीय मजदूर संघ के बीच एक औपचारिक बैठक में सम्मिलित रहूं और सांसद बनने के पश्चात आज ये सुअवसर आया है कि मैं आप सब के बीच हूं। मैं अपने आप को कतई अलग नहीं समझता, हम सब संघ की पाठशाला से निकले लोग हैं और भारतीय मजदूर संघ तो मेरे अभिभावक की तरह है। इसके संस्थापक दंतोपत्त ठेंगड़ी का भी मुझे सानिध्य प्राप्त रहा है और उनसे मैंने प्रेरणा ली है। सांसद जी ने कहा कि सांसद और जनप्रतिनिधि होने के नाते संगठन से जुड़े सभी श्रमिकों के उत्थान के लिए जो मुझसे जो भी संभव होगा मैं करने का प्रयास करूंगा और आप सब से निवेदन है कि मेरे लायक कोई भी सेवा हो तो आप निःसंकोच मुझसे संपर्क कर सकते हैं मैं संगठन और सरकार के माध्यम से आप सभी श्रमिकों की समस्याओं के समाधान का प्रयास करूंगा। अपने उद्बोधन में भाजपा जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने कहा कि आपके बीच हम कोई नए नहीं हैं हम सब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ही अनुसांगिक अंग हैं तथा हमारा उद्देश्य भी एक ही है। भारतीय मजदूर संघ श्रमिक संगठन के रूप में तथा भारतीय जनता पार्टी एक राजनैतिक संगठन के रूप में कार्य कर रहे हैं बैठक में मंचीय संचालन का काम भारतीय मजदूर संघ के जिलामंत्री शशिपाल सिंह ने किया तथा आभार प्रकट संघ के परियोजना सचिव सुरजीत सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से संघ के परियोजना अध्यक्ष पंकज राय, परियोजना सचिव सुरेश यादव, पुरषोत्तम कुमार, राम विलोचन शर्मा, धीरज सिंह, वीर बहादुर सिंह, एन टी पी सी सचिन ध्रुव कुमार, संगठन प्रभारी अब्दुल गनी तथा भाजपा जिला उपाध्यक्ष आशा यादव, जिला मंत्री विनोद चौबे, सांसद प्रतिनिधि संतोष वर्मा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह परिहार मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

पुलिस अधिकारियों ने थानो का किया रात्रि में आकस्मिक निरीक्षण एवं भ्रमण

सिंगरौली। पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार सिंगरौली के सभी राजपत्रित अधिकारियों द्वारा रात्रि में आकस्मिक निरीक्षण एवं भ्रमण किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं समस्त एसडीओपी अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र के थानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण थानों की व्यवस्थाओं को जांचने और सुधारने के उद्देश्य से किया गया।

जानकारी मे बताया गया कि भ्रमण एवं निरीक्षण किए। वही

मनीष खत्री पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना बैढ़न व थाना बरगवां का निरीक्षण किया गया। अभिषेक रंजन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना बैढ़न व थाना बरगवां का निरीक्षण और पीएस परस्ते नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर द्वारा थाना नवानगर एवं चौकी जयंत का निरीक्षण किया गया। इसी तरह कृष्ण कुमार पाण्डेय एसडीओपी द्वारा थाना मोरवा का निरीक्षण किया गया। राहुल कुमार सैयाम एसडीओपी देवसर द्वारा थाना सरई व थाना जियावन का निरीक्षण और अरुण कुमार सोनी एसडीओपी द्वारा थाना चितरंगी व थाना गढ़वा का आकस्मिक भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया । भ्रमण के दौरान थानों की सभी रात्रि कालीन व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया, जिसमें निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया गया। शिकायत सुनने की व्यवस्था, रात्रि में गस्त पार्टियों की गतिविधियाँ, रात्रि ड्यूटी में लगे कर्मचारियों की उपस्थिति, हवालात गृह की स्थिति, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता। निरीक्षण के दौरान सभी पुलिस स्टाफ, गस्त पार्टियां, फिक्स पैकेट आदि अपने कर्तव्य पर मुस्तैदी से उपस्थित पाए गए।रात्रि कालीन व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने के उद्देश्य से यह कार्यवाही पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार संपूर्ण जिले में संपादित की गई। इससे जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी।

वार्ड 31 ढोटी में किए गए अवैध अतिक्रमण पर चला निगम का बुलडोजर

नगर निगम आयुक्त के अगुवाई में बेस कीमती जमीन को कराया गया अतिक्रमण मुक्त

सिंगरौली। नगर पालिक निगम सिंगरौली के वार्ड क्र 31 ढोटी में खसरा क्रमांक 38/1, वॉल्वो एजेंसी के सामने अवैध अतिक्रमण कर कर टीन शेड का निर्माण किया गया था। उक्त जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने हेतु उच्च न्यायालय जबलपुर के द्वारा नगर निगम आयुक्त डीके शर्मा को अवैध अतिक्रमण हटाने हेतु निर्देशित किया गया था।

कई बार न्यायालय द्वारा नोटिस दिए जाने के बाद भी जब

अतिक्रमण नहीं हटाया गया निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही म.प्र. नगरपालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 303 एवं 307 के प्रावधान अनुसार निगम द्वारा अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाही की गई।

जिला प्रशासन ,नगरपालिका निगम एवं पुलिस बल द्वारा अतिक्रमण हटाया गया। इसका नेतृत्व एसडीएम सृजन वर्मा, आयुक्त ननि डीके शर्मा ,तहसीलदार सविता यादव , अर्चना द्विवेदी थाना प्रभारी द्वारा किया गया। नगर निगम अतिक्रमण दस्ते में एसडीओडी के सिंह, प्रवीण गोस्वामी, एसएन द्विवेदी , राजस्व विभाग से पटवारी एवं पुलिस बल उपस्थित रहे।

खाद्यान्न प्राप्त करने वाले पात्र हितग्राही ई-केवाईसी 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से कराएं

सिंगरौली। जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत हितग्राहियों को उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से एनएफएसए का खाद्यान्न निःशुल्क वितरण किया जा रहा है प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में प्राथमिकता परिवारों को 5 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति सदस्य व अंत्योदय परिवारों को 35 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति परिवार के मान से निःशुल्क वितरण किया जा रहा है साथ ही समस्त हितग्राहियों को नमक का वितरण 01 रुपए प्रति किलो की दर से एवं अंत्योदय परिवारों को शक्कर का वितरण भी 20 रुपए प्रति किलो की दर से किया जा रहा है सिंगरौली जिले में 253202 परिवार एवं 1084693 सदस्यों को वर्तमान में निःशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है वर्तमान में 1084693 सदस्यों में से 740606 सदस्यों ने ई-केवाईसी कराई जा चुकी है 31 मार्च तक जिले के सभी पात्र हितग्राहियों की ई-केवाईसी का कार्य कराए जाने हेतु जिला आपूर्ति अधिकारी एवं प्रभारी उपायुक्त सहकारिता के द्वारा प्रतिदिन जिले की सभी केंद्रीय सहकारी बैंक शाखाओं में उपस्थित होकर विक्रेताओं को निर्देशित किया जा रहा है कि जिन दुकानों से संबंधित पात्र हितग्राहियों ने अभी तक ई-केवाईसी नहीं कराई उन हितग्राहियों को पूर्व सूचना मुनादी कराई जाकर ई-केवाईसी कराने हेतु निर्देशित किया जा रहा है और निरंतर सभी उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं द्वारा भी ई-केवाईसी की जा रही है। भारत सरकार द्वारा 1 अप्रैल 2025 से स्मार्ट पीडीएस लागू करने से जिन हितग्राहियों की ई केवाईसी नहीं होगी उन्हें खाद्यान्न प्राप्त करने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ सकता है उन्होंने ऐसे हितग्राही जिनके परिवार के सभी सदस्यों की ई-केवाईसी अभी तक नहीं हुई वे उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं से संपर्क कर दिनांक 31 मार्च 2025 के पूर्व ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से कराने की अपील की है अन्यथा हितग्राहियों को माह अप्रैल 2025 से खाद्यान्न प्राप्त करने में असुविधा हो सकती है।

10 साल से फरार दो स्थाई वारंटियो को निवास पुलिस ने किया गिरफ्तार

सिंगरौली। निवास चौकी क्षेत्र अंतर्गत 10 साल से फरार दो स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने फरार वारंटियों को कॉबिंग गस्त के दौरान पकड़ा है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। थाना प्रभारी जीतेन्द्र सिंह भदौरिया के निगरानी में निवास चौकी प्रभारी उपनिरी. प्रियंका सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 10 बर्ष से फरार स्थाई वारंटियो को गिरफ्तार किया हैं। चौकी प्रभारी ने बताया कि कॉबिंग गस्त के दौरान पुलिस ने न्यायालय के प्रकरण में फरार वारंटी रामप्रकाश बंसल पिता स्वर्गीय बबुआ बंसल उम्र 34 वर्ष सा. बंजारी चौकी निवास थाना सरई, घर में घुसकर चोरी के मामले में फरार था जबकि आरोपी बिहारीलाल साहू पिता लौटन साहू उम्र 40 वर्ष निवासी महुआ गांव चौकी थाना सरई डकैती की योजना बनाने के मामले में फरार था।

अवैध रेत से लोड ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त, मामला दर्ज

सिंगरौली। नौड़िहवा चौकी पुलिस ने अवैध रेत कारोबार को रोकने के लिए बड़ी कार्यवाही की है। पुलिस ने रेत का अवैध परिवहन करते एक ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया है। पुलिस ने खनिज अधिनियम व अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की है। यह कार्रवाई तमई मेन रोड टावर के समीप से की गई है। वही ट्रैक्टर को सुरक्षार्थ चौकी क्षेत्र में खड़ा कराया है।

मिली जानकारी के गढ़वा चौकी प्रभारी विद्या वरिधि तिवारी के नेतृत्व में चौकी प्रभारी नौडिहवा उप निरी. मनोज सिंह के ने अवैध रेत तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की है। चौकी

प्रभारी ने बताया कि काम्बिंग गस्त के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बडरम गांव के सोन नदी टीला तरफ से एक स्वराज कंपनी का ट्रेक्टर ट्राली में रेत लोड कर तमई तरफ ले जा रहा है। सूचना तस्दीक पर पुलिस स्टाप तमई मेन रोड टावर के पास पहुंची तो एक स्वराज कंपनी का ट्रेक्टर चालक ट्राली मे रेत लोड लिये दिखा। चालक अभिषेक सिंह पिता अशोक सिंह उम्र 26 वर्ष निवासी तमई ट्रैक्टर चला रह था। मौके पर जब रेत से जुड़े वैध दस्तावेज मांगे गए तो चालक ने कोई भी वैध दस्तावेज पुलिस के सामने उपलब्ध नहीं कराया। पूछताछ में चालक ने बताया कि वह सोन घड़ियाल के समीप स्थित नदी से रेत लेकर आया है। पुलिस ने मौके से ट्रैक्टर को जब्त कर थाने में खड़ा करवा लिया है। पुलिस ने बताया कि खनिज अधिनियम व अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस विवेचना कर रही है कि यह ट्रैक्टर किसका है।इस कार्रवाई मे निरी.विद्यावारीधि तिवारी थाना प्रभारी गढ़वा ,उनि मनोज सिंह चौकी प्रभारी नौडिहवा, रमेश साकेत, फूल सिंह, राजेश मिश्रा की भूमिका रही ।

ईआरओ, डीईओ, सीईओ स्तर पर राजनीतिक दलों के साथ जमीनी स्तर की बैठकें जारी

बैठकों में राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी

सीधी

देश भर में 4,123 ईआरओ अपने-अपने विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों (एसी) में मतदान केंद्र स्तर पर लंबित किसी भी मुद्दे का समाधान करने के लिए सर्वदलीय बैठकें कर रहे हैं। इसी तरह, सभी 28 राज्यों और 8 संघ राज्य-क्षेत्रों के सभी 788 जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) और 36 सीईओ को जिला और राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र स्तर पर ऐसी बैठकों का आयोजन करने तथा लंबित मुद्दों का समाधान लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960, निर्वाचनों का संचालन नियम 1961 में निर्धारित कानूनी ढांचे और आयोग द्वारा समय-समय पर जारी मैनुअल, दिशा-निर्देशों और अनुदेशों के भीतर करने का निदेश दिया गया है। राष्ट्रीय/राज्यीय राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी के साथ ये बैठकें पहले ही शुरू हो चुकी हैं। ऐसी सभी बैठकें पूरे देश में प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र, जिले और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में 31 मार्च, 2025 तक पूरी कर ली जाएंगी।

यह कदम आयोग द्वारा 4 मार्च, 2025 को आईआईआईडीईएम, नई दिल्ली में आयोजित सभी राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों के सीईओ और प्रत्येक राज्य से एक डीईओ और ईआरओ की भागीदारी वाले सम्मेलन के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में तथा निर्वाचन आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधु और डॉ. विवेक जोशी की उपस्थिति में दिए गए निदेशों के अनुरूप है। राजनीतिक दलों और उनके अधिकृत प्रतिनिधियों जैसे बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए), पोलिंग एजेंटों, काउंटिंग एजेंटों और चुनाव एजेंटों की चुनाव संचालन सहित विभिन्न चुनावी प्रक्रियाओं में विशिष्ट भूमिकाएं होती हैं।

विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों, जिलों और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में आयोजित बैठकों में सक्रिय रूप से और उत्साहपूर्वक भाग लेकर राजनीतिक दलों द्वारा जमीनी स्तर पर उनकी इस प्रकार की भागीदारी का स्वागत किया गया है। आयोग सभी राष्ट्रीय/राज्यीय राजनीतिक दलों से अपील करता है कि वे किसी भी लंबित मुद्दे को समयबद्ध तरीके से हल करने के लिए चुनाव अधिकारियों के साथ अपनी इस जमीनी स्तर की भागीदारी का सक्रियतापूर्वक लाभ उठाएं। राष्ट्रव्यापी स्तर पर आयोजित राजनीतिक दलों की इन बैठकों की तस्वीरें आयोग के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल/म्बैटम्च् पर देखी जा सकती हैं।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली का लाभ लेने ई-केवाईसी अनिवार्य, अंतिम तिथि 31 मार्च

ई-केवाईसी नहीं होने पर अप्रैल माह से नहीं मिलेगा खाद्यान्न

सीधी

जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत हितग्राहियों को उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से एनएफएसए का खाद्यान्न नि:शुल्क वितरण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में प्राथमिकता परिवारों को 05 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति सदस्य व अन्त्योदय परिवारो को 35 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति परिवार में मान से नि:शुल्क वितरण किया जा रहा है। साथ ही समस्त हितग्राहियों को नमक का वितरण 1 रूपये प्रति किलो की दर से एवं अन्त्योदय परिवारों को शक्कर का वितरण 20 रूपये प्रति किलो की दर से किया जा रहा है।

सीधी जिले में 250420 परिवार एवं 1048326 सदस्यों को वर्तमान में नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। 1048325 सदस्यों में से 696513 सदस्यो की ई-केवाईसी की जा चुकी है और निरंतर सभी उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं द्वारा ई-केवाईसी की जा रही है। भारत सरकार द्वारा 01 अप्रैल 2025 से स्मार्ट पीडीएस लागू करने से जिन हितग्राहियों की ई-केवाईसी नहीं होगी उन्हे खाद्यान्न प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है।

उन्होंने ऐसे हितग्राही जिनके परिवार के सभी सदस्यों की ई-केवाईसी नहीं हुई है वे उचित मूल्य दुकाने के विक्रेता से सम्पर्क कर दिनांक 31.03.2025 के पूर्व ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से कराने की अपील की है अन्यथा हितग्राहियों को माह अप्रैल 2025 से खाद्यान्न प्राप्त नही होगा।

देयकों को ऑनलाइन करते समय बरतें सावधानी : जिला कोषालय अधिकारी

सीधी

जिला कोषालय अधिकारी मुकेश कुमार तिवारी ने जानकारी देकर बताया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 समाप्ति की ओर है तथा ऑनलाइन देयकों को प्रेषित किये जाने की शीघ्रता व्यापक तकनीक एवं सैद्धांतिक त्रुटियाँ परिलक्षित हो रही है, जिसके कारण संचालनालय कोष एवं लेखा तथा महालेखाकार ग्वालियर के लेखा निरीक्षण दल (आडिट) द्वारा आपत्तियां दर्ज की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि राशि 20 हजार रूपये एवं इससे अधिक की राशियों के देयकों के साथ कार्यालीन स्वीकृति, प्रशासनिक स्वीकृति तथा उपप्रमाणक (सब वाउचर) अनिवार्य रूप से संलग्न करें। एरियर (क्रमोन्नित/समयमान) के एरियर के देयकों के साथ कार्यालीन आदेश, वरिष्ठ कार्यालय का आदेश एवं सेवापुस्तिका जांच की प्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से संलग्न कर देयक ऑनलाइन करें, इसके अतिरिक्त अन्य समस्त श्रेणी के देयकों में नियमानुसार वांछित संलग्नक संलग्न कर ऑनलाइन करें।

वित्तीय वर्ष समाप्ति पर देयकों में किसी भी प्रकार की आपत्तियां परिलक्षित या दर्ज न हो इसका प्रत्येक स्तर पर समुचित ध्यान रखा जाये जिससे डीडीओ एवं कोषालय स्तर पर अप्रिय स्थिति निर्मित न हो यह सुनिश्चित किया जाये।

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना में युवाओं के पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च

सीधी। प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था ने जानकारी देकर बताया है कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) का उद्देश्य युवाओं को भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान कर रोजगारपरक बनाना है। जिससे युवाओं को वास्तविक कार्यानुभव प्राप्त हो सके और व्यावसायिक कौशल में वृद्धि हो। योजना में 21 वर्ष से 24 वर्ष आयु के युवा जिनकी शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई, पॉलीटेक्निक या स्नातक किये हैं और वे किसी अप्रेन्टिस या पूर्णकालिक रोजगार में न हो, ऐसे युवा पंजीयन कर सकते हैं। चयनित युवाओं को इंटर्नशिप की अवधि में 5000 रूपये प्रति माह स्टायपेंड और एकमुश्त 6000 रूपये की राशि प्रदान की जायेगी। इंटर्नशिप की अवधि 12 महीने होगी। इस योजना के द्वितीय राउंड में पंजीयन और प्रोफाइल पूर्ण करने एवं इंटर्नशिप अवसर में आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 हो गयी है। योजना में पात्र युवा योजना की लिंक एचटीटीपीएस://पीएमइंटर्नशिप.एमसीए.जीओव्ही.इन पर जाकर पंजीयन एवं आवेदन कर सकते हैं।

बोनस के साथ 2600 रुपये में खरीदा जाएगा किसानो से गेहूँ

सीधी। जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि शासन द्वारा रबी उपार्जन वर्ष 2025-26 के लिए गेहूँ का समर्थन मूल्य 2425 रूपये तथा सरकार द्वारा घोषित बोनस 175 रूपये प्रति क्वि. के साथ किसानों से कुल 2600 रूपये प्रति क्वि. की दर से गेहूँ के उपार्जन का कार्य किया जा रहा है। समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन जारी है। पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 तक निर्धारित की गई है। एमपी किसान एप, ई-उपार्जन पोर्टल तथा मोबाइल, कम्प्यूटर, समिति के पंजीयन केन्द्र तथा ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र में पंजीयन की नि:शुल्क व्यवस्था की गई है। किसान सशुल्क देकर एमपी ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर, लोक सेवा केन्द्र तथा साईबर कैफे से भी पंजीयन करा सकते है।

उन्होंने जिले के समस्त किसान भाईयो से अपील की है कि जिन्होंने अपना गेहूँ का पंजीयन नही कराया है। उपरोक्त किसी भी नजदीकी केन्द्र में जाकर अपना पंजीयन दिनांक 31.03.2025 से पूर्व करावे एवं गेहूँ विक्रय कर समर्थन मूल्य एवं बोनस का लाभ प्राप्त करें।

रीवा-बघवार रेल मार्ग पर जल्द दौड़ेगी ट्रेन

सीधी। ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजना के तहत रीवा से सीधी जिले के बघवार तक रेल संचालन का मार्ग अब पूरी तरह से साफ हो गया है। इस रेलवे ट्रैक की कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी द्वारा की गई जांच में ट्रैक को पूरी तरह फिट पाया गया है। सीआरएस की हरी झंडी मिलने के बाद अब इस रूट पर ट्रेन संचालन की प्रक्रिया तेज हो गई है, और जल्द ही इस मार्ग पर ट्रेनों का संचालन शुरू किया जा सकता है। रेलवे विभाग ने इसके लिए पूरी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

रीवा के गोविंदगढ़ से बघवार के बीच नए रेल ट्रैक का निरीक्षण रेलवे के चीफ सेफ्टी ऑफिसर द्वारा 11 मार्च को किया गया था। इस जांच में ट्रैक को पूरी तरह फिट पाया गया, जिससे इस मार्ग पर ट्रेन संचालन का रास्ता खुल गया। रेलवे ने इस ट्रैक पर इंटरलॉकिंग और सिग्नलिंग के सभी कार्य भी सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं। अब सीआरएस द्वारा हरी झंडी मिलने के बाद रेलवे अधिकारी नियमित ट्रेन संचालन की औपचारिकताओं को पूरा करने में जुट गए हैं।

इस नए ट्रैक पर रीवा जिले के सिलपरा, गोविंदगढ़ और सीधी जिले के बघवार में रेलवे स्टेशन का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। सिलपरा और गोविंदगढ़ रेलवे स्टेशनों की जानकारी अब रेलवे के एचआरएमएस (ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम) में दिखने लगी है, हालांकि बघवार रेलवे स्टेशन को अभी इस सूची में शामिल नहीं किया गया है। इन सभी स्टेशनों पर यात्री प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर सहित अन्य जरूरी सुविधाएं भी तैयार कर दी गई हैं। हालांकि, अभी तक इनका औपचारिक उद्घाटन नहीं हो सका है।

रीवा जिले के सिलपरा और गोविंदगढ़ रेलवे स्टेशनों पर स्टाफ की तैनाती की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। रेलवे द्वारा यहां 20 से 25 कर्मचारियों की नियुक्ति की योजना बनाई गई है। कर्मचारियों के लिए सिलपरा रेलवे स्टेशन परिसर में आवास भी तैयार किए गए हैं, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार इन स्टेशनों पर जल्द ही स्टाफ की तैनाती की जाएगी।

साक्षी पांडेय का यूपीएससी सीडीएस में 20वीं रैंक

आर्मी में लेफ्टनेंट पद पर हुआ चयन, चेन्नई में होगा प्रशिक्षण

सीधी। सीधी जिले के रामपुर नैकिन तहसील के पडखुरी 587 गांव निवासी साक्षी पांडेय ने यूपीएससी सीडीएस में 20वीं रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन की है। जिसका चयन आर्मी में लेफ्टीनेंट पद पर हुआ है। साक्षी पांडेय की प्रारंभिक शिक्षा सीधी शहर के गांधी स्कूल में प्राप्त करने के बाद गणित से बीएएसी की शिक्षा ग्रहण करने के बाद दिल्ली में दो साल तक यूपीएससी की तैयारी किए, पहली बार वे यूपीएससी परीक्षा में शामिल हुए और पहली बार में ही जिले की लडक़ी को सफलता हासिल करने में सफल रही। साक्षी पांडेय आर्मी लेफ्टीनेंट पद की ट्रेनिंग करने के लिए 28 मार्च को आफीसर ट्रेनिंग एकेडमी चेन्नई में ज्वाइनिंग देंगी। साक्षी के पिता हरिप्रसाद पांडेय, माता अमृता पांडेय, चाचा विष्णू पांडेय, चाची शालिनी पांडेय सभी शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। दादी विद्यावती पांडेय भी शिक्षक हैं जो अपने नातिन को शिक्षा के प्रति प्रेरित करती रहती थी। इस सफलता पर राज्य शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सुखेंद्र सिंह चौहान सहित मोहन चंद गौतम, अशोक सिंह बघेल, अशोक पांडेय, राजीव गुप्ता, धीरेंद्र सिंह चंदेल, बढ़ौरा प्राचार्य उपेंद्र शुक्ला सहित अन्य लोगो ने शुभकामनाएं दी गई है।

बाल एवं कुमार श्रम प्रथा समाप्ति की टास्क फोर्स की बैठक 24 मार्च को

सीधी। सहायक श्रम पदाधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि जिला स्तर पर गठित टास्कफोर्स समिति (बाल एवं कुमार श्रम प्रथा समाप्ति हेतु) की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सीधी में दिनांक 24.03.2025 को समय-सीमा बैठक के तत्काल पश्चात जिला दण्डाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। उन्होने गठित टास्कफोर्स समिति के सदस्यों को सूचित किया है कि दिनांक 24.03.2025 को कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित होंवे।

शहीद दिवस पर भारतीय एक्शन को मशहूर फिल्म द लीजेंड ऑफ भगत सिंह का प्रदर्शन किया गया

सीधी। इंद्रावती नाट्य समिति , यूसीएन मास पब्लिक स्कूल , ट्रांसफ्रेम और आर्ट ऑन क्लिक के सहयोग के सहयोग से हर रविवार लोगों को ज्ञानवर्धक और मनोरंजन से ओत - प्रोत फिल्म लगातार दिखाई जाती है। इस रविवार शहीद दिवस पर भारतीय एक्शन को मशहूर फिल्म द लीजेंड ऑफ भगत सिंह का प्रदर्शन किया गया।

द लीजेंड ऑफ भगत सिंह 2002 में बनी हिंदी भाषा की एक भारतीय जीवनी पर आधारित ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन राजकुमार संतोषी ने किया है। यह फिल्म भगत सिंह के बारे में है, जो एक क्रांतिकारी थे, जिन्होंने हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के साथी सदस्यों के साथ मिलकर भारतीय स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़ी थी। इसमें अजय देवगन मुख्य किरदार के रूप में हैं, जबकि सुशांत सिंह, डी. संतोष और अखिलेंद्र मिश्रा अन्य मुख्य किरदारों में हैं। राज बब्बर, फरीदा जलाल और अमृता राव सहायक भूमिकाओं में हैं। फिल्म में सिंह के बचपन से लेकर जलियांवाला बाग हत्याकांड के गवाह बनने तक के जीवन को दिखाया गया है, जब तक कि 24 मार्च 1931 को आधिकारिक मुकदमे से पहले उन्हें फांसी पर नहीं लटका दिया गया। कहानी में - फिल्म स्वतंत्रता सेनानी और क्रांतिकारी भगत सिंह की कहानी बताती है, जिन्होंने

भारत को आज़ाद कराने के लिए कड़ी मेहनत की। फिल्म में उनके जीवन के कुछ उदाहरणों, उनकी विचारधाराओं, अंग्रेजों द्वारा उन्हें प्रताड़ित किए जाने और उनके बलिदानों के बारे में भी बताया गया है। भगत सिंह (अजय देवगन) को बारह साल की छोटी उम्र में अमृतसर में जलियाँवाला बाग हत्याकांड से बहुत दुखी दिखाया गया है। वह अन्याय और अंग्रेजों के खिलाफ़ लड़ने की कसम खाता है। वह बड़ा होकर कॉलेज में एक बुद्धिमान और लोकप्रिय युवक बनता है। उसकी विचारधारा सुखदेव (सुशांत सिंह) जैसे समान विचारधारा वाले युवाओं को उसकी ओर आकर्षित करती है। अपने मिशन को पूरा करने के लिए, भगत सिंह घर, अपनी प्यारी माँ (फरीदा जलाल) और अपनी प्रेमिका (अमृता राव) को छोड़ देता है। शुरुआत में वह महात्मा गांधी के 1921 के असहयोग आंदोलन में भाग लेता है, लेकिन अहिंसा के अपने सिद्धांत से पूरी तरह निराश हो जाता है क्योंकि यह ब्रिटिश सरकार के खिलाफ़ काम नहीं करता है। इसलिए, वह महात्मा गांधी को छोड़कर बिस्मिल्लाह (गणेश यादव) और चंद्रशेखर आज़ाद (अखिलेंद्र मिश्रा) के साथ जुड़ जाता है। वे काकोरी ट्रेन चोरी की योजना बनाते हैं लेकिन दुर्भाग्य से बिस्मिल्लाह और उसका समूह पकड़ा जाता है।इसके बाद, आज़ाद ने भगत सिंह और उनके समूह के साथ मिलकर हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक एसोसिएशन का गठन किया। जब साइमन गो बैक मोर्चे में लाला लाजपत राय की हत्या हो जाती है, तो प्रतिशोध के तौर पर समूह सहायक पुलिस अधीक्षक जॉन पोयंट्ज़ सॉन्डर्स को मारने के लिए इकट्ठा होता है। वह बी के दत्ता के साथ विधान सभा पर बम फेंकता है ताकि गिरफ्तार हो सके और ऐसा करने का उद्देश्य देश के साथ-साथ दुनिया भर में स्वतंत्रता का संदेश फैलाना है। भगत सिंह के इस कृत्य ने अंग्रेजों को धमकाने का अपना उद्देश्य पूरा किया, जिन्होंने भगत सिंह को खतरनाक माना और उन्हें कैद कर लिया।

विश्व उपभोक्ता संरक्षण दिवस पर उपभोक्ताओं को किया गया जागरूक

सीधी। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार 21 मार्च को खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग सीधी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में विश्व उपभोक्ता संरक्षण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदस्य जिला विवाद प्रतितोषण आयोग श्रीमती विभा पांडे की गरिमामयी उपस्थिति रही। विशिष्ट अतिथि के रुप मे विंध्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद के जिला सीधी के अध्यक्ष श्री हरीश मिश्र एवं अखिल भारतीय उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष श्री प्रमोद मिश्रा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला आपूर्ति अधिकारी सीधी श्री नागेंद्र सिंह परिहार द्वारा की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सदस्य जिला विवाद प्रतितोषण आयोग सीधी श्रीमती विभा पांडे द्वारा उपभोक्ताओं के संरक्षण हेतु कानूनी प्रावधान व आयोग की शक्तियों से अवगत कराया गया। विंध्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद के अध्यक्ष श्री हरीश मिश्रा द्वारा उपभोक्ता हित मे नापतौल विषय से संबंधित व्यावहारिक एवं उपयोगी जानकारी प्रदान की गई।

रेही नदी में अनियंत्रित होकर गिरा धान से भरा ट्रक, लोगों ने चालक को सुरक्षित निकाला

सीधी। सीधी जिले के कमर्जी थाना अंतर्गत रेही नदी में शनिवार शाम चार बजे एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। धान से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर नदी में गिर गया, जिससे चालक को मामूली चोटें आईं। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया गया।

जानकारी के अनुसार, ट्रक धान को लोड कर वेयरहाउस की ओर जा रहा था। तभी संतुलन बिगड़ने के कारण ट्रक रेही नदी में जा गिरा। गनीमत रही कि हादसे में किसी की जान नहीं गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर कमर्जी थाना प्रभारी पवन सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

हादसे की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने तुरंत क्रेन की व्यवस्था करवाई, ताकि ट्रक और उसमें लदे धान को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके। थाना प्रभारी पवन सिंह ने बताया जैसे ही सूचना मिली हम अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। राहत कार्य जारी है और ट्रक को निकालने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

हादसे के बाद आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। स्थानीय लोगों ने प्रशासन को जल्द से जल्द पुल और सड़क की स्थिति सुधारने की मांग की, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

इस हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और रखरखाव की पोल खोल दी है। ग्रामीणों के अनुसार, इस क्षेत्र में सड़क की हालत खराब है, जिससे अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। प्रशासन से मांग की जा रही है कि जल्द से जल्द इस मार्ग की मरम्मत कराई जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं रोकी जा सकें। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और ट्रक को बाहर निकालने का प्रयास जारी है।

पूजा पार्क में बघेलखंड समेत विभिन्न प्रान्तों की कलाओं की हुई शानदार प्रस्तुति

लोकोत्सव के प्रथम दिवस मथुरा की होरी नृत्य में झूम उठे सीधी सांसद

सीधी। जिले के स्थानीय पूजा पार्क में बीते दिवस उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज व संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित लोकोत्सव कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया । जिसमें विभिन्न प्रान्तों के लोक कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुत दी, बता दें कि बीते दिवस स्थानीय पूजा पार्क में लोक कला के संरक्षण और संवर्धन हेतु संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार ने सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए पूरे भारत में सात सांस्कृतिक केन्द्रों की स्थापना की।सात केन्द्रों में से एक सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज को 7 प्रदेशों का मुख्यालय बनाया गया है इसी परिकल्पना के साथ राज्यों की शान्ति गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सातों प्रान्तों की कलाओं को मंच प्रदान कर विलुप्त लोक कलाओं से जनमानस को जोड़ने व सांस्कृतिक आदान प्रदान के उद्देश्य को देखते हुए विगत दिवस स्थानीय पूजा पार्क में लोक गायन व लोकनृत्य की प्रस्तुतियां हुईं। कार्यक्रम के प्रारंभ में कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया जिनमें पूजा सिंह कुशराम, जिला पंचायत सदस्य व सभापति स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग, निलेश शर्मा अनुविभागीय अधिकारी, पुष्पेंद्र मिश्रा नगर निरीक्षक, इंजीनियर आर बी सिंह टाटा शिक्षण संस्थान संचालक, डॉ मनोज सिंह सांसद प्रतिनिधि, अजीता द्विवेदी लोकगायिका उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन अंचित गौतम ने किया वहीं कार्यक्रम की शुरूआत बघेली गायन से की गई जिसमें बघेलखंड में विभिन्न शुभ अवसरों पर गाए जाने वाले लोकगीत बमभोलिया, बेलनहाई, दादरा , गैलहाई,फाग, सजनई और टप्पा की प्रस्तुती दी गई जिसे सृजन मिश्रा और

उनके साथी श्रुति सिंह, शुभी सिंह, दिव्या द्विवेदी, मानसी तिवारी ,दृष्टि तिवारी,स्वर्णिम द्विवेदी, अनुभूति कुंदेर, अभिनय कुंदेर, देवांश तिवारी,ओमकार पाण्डेय ,श्लोक तिवारी,सत्यदीप द्विवेदी ने अद्भुत गायन से दर्शकों व श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। वहीं बुंदेली गायन के लिए मिनी लता के सम्मान से सम्मानित ख्यातिलब्ध लोकगायिका सविता यादव ने अपने साथियों सहित प्रस्तुति दी । इसी क्रम में लोककलाओं के प्रस्तुतियों के क्रम में मथुरा से लोकगायन व नृत्य ब्रज वंदना व मयूर नृत्य फूलों की होली जैसे अनेक लोक कलाएं मुरारी लाल तिवारी व उनके साथियों द्वारा प्रस्तुत किए गए । उत्तराखंड से कैलाश ध्यानी ने झुमैलो लोकनृत्य की प्रस्तुति दी व सिक्किक की शर्मीला गदेली व उनके साथियों ने चर्चित लोकनृत्य तमांग सैलो की प्रस्तुति दी । वहीं करमा का ही एक स्वरूप घसिया करमा की प्रस्तुति लेकर रोशनी प्रसाद मिश्र व उनके साथी नन्हे घासी, श्यामलाल, मुन्ना घासी, रामदुलारे, कंसलाल, अमेरिका घासी,भोला घासी, लल्ली घासी 1, लल्ली घासी 2, बुधनी, किरनकली, श्यामकली,मानकुंवर, मुनिया घासी ने मनमोहक प्रस्तुति दी । और बुंदेलखंड का बहुचर्चित लोकनृत्य राई ने खूब तालिया बटोरी । प्रथम दिवस के कार्यक्रम के समापन अवसर पर सीधी सिंगरौली के सांसद डॉ राजेश मिश्रा द्वारा कलाकारों का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया , वहीं देर से उपस्थिति के लिए उन्होंने क्षमा भी मांगी, माननीय ने अपने उद्बोधन में बताया कि किस तरह इस कार्यक्रम के लिए सदन में सवाल किए गए और इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को सीधी में कराया गया।उन्होंने आयोजक टीम को शुभकामनाएं दी और 24 मार्च तक चलने वाले इस लोकोत्सव कार्यक्रम में सभी कला प्रेमियों से पहुंचने की अपील भी की वहीं दूसरी ओर लोकोत्सव का संयोजन करी रही अग्रणी नाट्य संस्था इन्द्रवती नाट्य समिति की जमकर तारीफ़ की और कहा कि सीधी की लोक संस्कृति को वैश्विक बनाने में नीरज कुंदेर व रोशनी प्रसाद मिश्र, रजनीश जायसवाल और प्रजीत साकेत का बहुत बड़ा योगदान है। इस दौरान हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे ।

संपादकीय

क्लाइमेट चेंज का खतरा...

विश्व मौसम संगठन की ताजा रिपोर्ट में यूं तो कोई ऐसी नई बात नहीं है, जिसके बारे में पहले से अंदाजा न रहा हो, लेकिन यह एक बार फिर याद दिलाती है कि जीव जगत खतरनाक भविष्य की ओर कितनी तेजी से बढ़ रहा है। पिछले दस साल इस धरती पर अब तक के सबसे गर्म रहे हैं। ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन और जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियां बद से बदतर होती जा रही हैं। आम तौर पर माना जाता है कि इस ग्रह के निरंतर अधिकाधिक गर्म होते जाने का अहसास मानवीय चेतना के लिए एक नई बात है। लेकिन यूरोप और अमेरिका में वैज्ञानिकों ने 19वीं सदी के शुरुआती सालों में ही यह समझ लिया था कि मानवीय सभ्यता के केंद्र ज्यादा गर्मी पैदा कर रहे हैं। उनके ध्यान में यह बात आ चुकी थी कि आसपास के देहाती इलाकों के मुकाबले शहरों में गर्मी ज्यादा होती है।गर्मी का मारक रूप भी तभी से दिखने लगा था। ऑस्ट्रेलिया में 1897 और लंदन में 1900 का साल गर्मी के लिहाज से खास माना गया था। कलकत्ता में 1905 में जब तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया तो गर्मी के चलते कई यूरोपियंस की मौत भी दर्ज की गई थी। बाद के वर्षों में हालात लगातार गंभीर ही होते चले गए। 1962 से अब तक हिमालयी ग्लेशियरों का 30 फीसदी हिस्सा पिघल चुका है।क्लाइमेट चेंज की वजह से हो रहे आर्थिक नुकसान भी कम गंभीर नहीं हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक 8 प्रमुख फसलों- मक्का, गेहूं, चावल, सोया, केला, आलू, कोको, कॉफी - की पैदावार पर इसका सीधा असर पड़ सकता है। यही नहीं, अगले 25 वर्षों में वैश्विक कमाई 19 फीसदी तक घटने की आशंका है। पॉट्सडैम इंस्टिट्यूट फॉर क्लाइमेट इंपैक्ट रिसर्च के मुताबिक भारत में इन्हीं वजहों से कमाई में 25 फीसदी तक की गिरावट आ सकती है। चिंता की बात यह है कि क्लाइमेट चेंज को लेकर जिस तरह की गंभीरता हमारी सरकारों में दिखनी चाहिए, वह अब भी नहीं दिख रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप तो इन चिंताओं को सीधे तौर पर खारिज करते हैं। भारत सरकार ने जरूर इस पर गंभीरता दिखाई है। सबसे सकारात्मक बात यह है कि अभी भी अगर सही ढंग से प्रयास किए जाएं तो हालात सुधरने शुरू हो सकते हैं।

पोलैंड, फ्रांस या अमेरिका से परमाणु हथियार की सुरक्षा प्राप्त करने पर विचार कर रहा है। पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा ने तो अमेरिका से अपने परमाणु हथियारों को उनके देश में तैनात करने का भी अनुरोध किया है। इसके अलावा पोलैंड सभी पुरुषों के लिए अनिवार्य सैन्य ट्रेनिंग लागू करने के लिए भी तैयार है। बाल्टिक और नॉर्डिक देश रूस के खतरे से अच्छी तरह वाकिफ हैं क्योंकि सभी देशों में पहले से ही किसी न किसी रूप में भर्ती लागू है। नॉर्वे के अधिकारी देश के कुछ सबसे उत्तरी शहरों में नागरिकों के लिए सामूहिक निकासी अभ्यास की तैयारी कर रहे हैं। नॉर्वे, जो आर्कटिक में रूस के साथ 121 मील की सीमा साझा करता है, अगले साल नाटो अभ्यास की मेजबानी कर रहा है और चाहता है कि नागरिक भी इसमें भाग लें।

रूस के साथ तीसरे विश्व युद्ध के लिए यूरोप कैसे तैयार हो रहा

(प्रियेश मिश्र)

यूरोपीय देश तृतीय विश्व युद्ध की तैयारी कर रहे हैं। उन्हें डर है कि यूक्रेन में युद्ध जीतने के बाद व्लादिमीर पुतिन यूरोप पर हमला कर सकते हैं। ऐसे में रूसी हमले से रक्षा के लिए यूरोपीय देश पहले से ही खुद को तैयार कर रहे हैं। इसमें लोगों को चेतावनी देना और युद्ध के दौरान खुद को तैयार रखना शामिल है।

बर्लिन – रूस से तनाव के बीच पूरा यूरोप सर्वावल गाइड, न्यूक्लियर बंकर और सैनिकों की भर्ती की प्लानिंग के साथ तृतीय विश्व युद्ध के लिए तैयार हो रहा है। यूरोपीय देशों को डर है कि व्लादिमीर पुतिन नाटो को पूर्वी यूरोप से बाहर निकालने और रूसी साम्राज्य के पुनर्निर्माण के लिए युद्ध से बस कुछ ही साल दूर हैं। यूरोपीय संघ का मानना है कि अगर पुतिन यूक्रेन में सफल होते हैं तो रूस 2030 के आसपास किसी समय हमला कर सकता है। यूरोपीय आयोग ने कहा है कि संघ को रूस के साथ बड़े पैमाने पर युद्ध के लिए तैयार रहना चाहिए।

ब्रिटेन से मदद मांग रहे यूरोपीय देश – यूरोपीय देश ब्रिटेन से फिर से यूरोपीय संघ में शामिल होने की अपील कर रहे हैं। इससे उन्हें यूरोप का दूसरा परमाणु हथियार से लैस देश का समर्थन मिल जाएगा। इसके साथ ही यूरोपीय देश अमेरिका की आस छोड़कर खअपनी सेनाओं में अधिक भर्ती करने की योजनाएं बना रहे हैं। रूसी टैंकों के यूरोप में घुसने और पैराट्रूपर्स के चौराहों पर उतरने की स्थिति में नागरिकों को भी तैयार किया जा रहा है।

फ्रांस ने जारी की गाइडलाइन – फ्रांस अपने नागरिकों के लिए आक्रमण से बचने के लिए गाइड जारी करने वाला नवीनतम देश है। 20 पन्नों की पुस्तिका में फ्रांसीसी नागरिकों को सलाह दी जाएगी कि किसी आक्रमण की स्थिति में रिजर्व यूनिटों या स्थानीय रक्षा प्रयासों में शामिल होकर गणतंत्र की रक्षा कैसे की जाए। इसमें यह भी बताया जाएगा कि छह लीटर पानी, डिब्बाबंद भोजन, बैटरी और बुनियादी चिकित्सा आपूर्ति सहित आवश्यक वस्तुओं से एक सर्वाइवल किट कैसे बनाई जाए।

यूरोप को परमाणु सुरक्षा देगा फ्रांस – इस सप्ताह की शुरुआत में, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने खुलासा किया कि हाइपरसोनिक परमाणु मिसाइलों की नई पीढ़ी से लैस फ्रांसीसी लड़ाकू विमान अब सहयोगी जर्मनी की सीमा पर तैनात हैं। जर्मनी संभवत फ्रांस के परमाणु हथियारों के संरक्षण में है। अगर जर्मनी पर हमला होता है तो मैक्रों अपने सहयोगी की रक्षा के लिए परमाणु बम दागेंगे क्योंकि फ्रांस खुद को खतरे में समझेगा। यह कुछ ऐसा है जो पोलैंड भी चाहता है और जिसे फ्रांसीसी राष्ट्रपति देने पर विचार कर रहे हैं।

अमेरिका से परमाणु हथियार मांग रहा पोलैंड – पोलैंड, फ्रांस या अमेरिका से परमाणु हथियार की सुरक्षा प्राप्त करने पर विचार कर रहा है। पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा ने तो अमेरिका से अपने परमाणु हथियारों को उनके देश में तैनात करने का भी अनुरोध किया है। इसके अलावा पोलैंड सभी पुरुषों के लिए अनिवार्य सैन्य ट्रेनिंग लागू करने के लिए भी तैयार है। बाल्टिक और नॉर्डिक देश रूस के खतरे से अच्छी तरह वाकिफ हैं क्योंकि सभी देशों में पहले से ही किसी न किसी रूप में भर्ती लागू है।

नॉर्वे में नाटो का सैन्य अभ्यास –नॉर्वे के अधिकारी देश के कुछ सबसे उत्तरी शहरों में नागरिकों के लिए सामूहिक निकासी अभ्यास की तैयारी कर रहे हैं। नॉर्वे, जो आर्कटिक में रूस के साथ 121 मील की सीमा साझा करता है, अगले साल नाटो अभ्यास की मेजबानी कर रहा है और चाहता है कि नागरिक भी इसमें भाग लें। स्थानीय लोगों को काल्पनिक रूप से आगे बढ़ते रूसी सैनिकों से बचने के लिए पश्चिम की ओर या दक्षिण की ओर फिनलैंड में भागना होगा। नॉर्डिक नागरिकों को पहले से ही भयानक युद्ध सर्वावल गाइड प्रदान की गई हैं।

स्वीडन, नॉर्वे, फिनलैंड, डेनमार्क ने लोगों को चेताया – नवंबर में, स्वीडिश घरों में पैम्फलेट पहुंचे, जिनका शीर्षक था- यदि संकट या युद्ध आता है, जबकि अन्य देशों ने भयभीत नागरिकों को अपनी खुद की डरावनी सलाह जारी की है। पड़ोसी फिनलैंड ने लोगों को घटनाओं और संकटों के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी है। नॉर्वे के लोगों को एक पैम्फलेट भी मिला, जिसमें निवासियों से आग्रह किया गया कि वे युद्ध की स्थिति में एक सप्ताह तक खुद का प्रबंधन कैसे करें। गर्मियों में, डेनमार्क की आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने डेनमार्क के वयस्कों को चेतावनी जारी की, जिसमें संकट के तीन दिनों से गुजरने के लिए आवश्यक पानी, भोजन और दवा का विवरण दिया गया।

तीसरे विश्व युद्ध की तैयारी में जर्मनी – स्वीडन और फिनलैंड ने हाल ही में यूक्रेन में पुतिन द्वारा 2022 से किए जा रहे अत्याचारों को देखने के बाद तटस्थता छोड़ दी और नाटो में शामिल हो गए। जर्मनी की तीसरे विश्व युद्ध की तैयारी की योजनाएं ऑपरेशन ड्यूशलैंड नामक 1,000-पृष्ठ के गुप्त दस्तावेज में पहले ही प्रकट हो चुकी हैं। फ्रैंकफर्टर अल्गेमाइन के अनुसार, शीर्ष-गुप्त दस्तावेजों में विशिष्ट इमारतों और बुनियादी ढांचे की सुविधाओं का खुलासा किया गया है, जिन्हें सैन्य आपातकाल में विशिष्ट सुरक्षा की आवश्यकता होती है। सरकार उन बंकरों की सूची भी तैयार कर रही है, जो नागरिकों को आश्रय प्रदान कर सकते हैं।

- **जर्मनी ने युद्ध की पूरी तैयारी की –** जर्मनी के आंतरिक मंत्रालय ने घोषणा की कि भूमिगत ट्रेन स्टेशन, कार पार्क, राज्य भवन और निजी संपत्ति सभी को सुरक्षा के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। कथित तौर पर बर्लिन रूस के साथ पूर्ण युद्ध छिड़ने पर अपने क्षेत्र में 200,000 वाहनों के साथ-साथ 800,000 नाटो सैनिकों को ले जाने के लिए भी तैयार है। बाल्टिक देश रूस के साथ अपनी सीमा पर एक संयुक्त रक्षा रेखा बना रहे हैं, जिसमें प्रत्येक सीमा पर लगभग छह सौ बंकर होंगे। इसमें टैंक की खाइयाँ, जंगल, ड्रैगन के दांत, हेजहॉग और रॉकेट सिस्टम भी शामिल होंगे।
- **एंटी-पर्सनल लैंडमाइन समझौते से बाहर निकले यूरोपीय देश –** पोलैंड और बाल्टिक देशों ने एंटी-पर्सनल लैंडमाइन पर प्रतिबंध लगाने वाली एक अंतरराष्ट्रीय संधि को भी वापस ले लिया है, क्योंकि वे रूसी सेना को उसके रास्ते में रोकने की तैयारी कर रहे हैं। यूरोपीय संघ ने अपनी सेनाओं के पुनर्निर्माण और यूक्रेन का समर्थन करने के लिए एक विशाल व्यय योजना भी शुरू की है। ब्लॉक रक्षा पर 800 बिलियन यूरो (500 बिलियन) तक खर्च करने वाला है। यूरोप बाल्टिक से लेकर काला सागर तक एक ड्रोन शील्ड बनाने पर विचार कर रहा है, क्योंकि वह रूसी आक्रमण को रोकना चाहता है और पुतिन के लिए इस संभावना को बहुत दर्दनाक बनाना चाहता है।

पश्चिम बंगाल में राज्य की सभी 294 विधानसभा सीटों पर संगठन को मजबूत बनाने की कांग्रेस की कवायद के साथ ही यह बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि इससे सबसे ज्यादा नुकसान किसको होगा क्या कांग्रेस के मजबूत होने का खामियाजा पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस और राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को उठाना पड़ेगा या फिर कांग्रेस की मजबूती से भाजपा को नुकसान उठाना पड़ेगा,जो ममता बनर्जी विरोधी मतों के सहारे राज्य में विधानसभा चुनाव जीतने की रणनीति पर काम कर रही है।

बंगाल की सभी सीटों पर संगठन को मजबूत करेगी कांग्रेस- किसका नुकसान,किसका फायदा

(संतोष पाठक)

वर्ष 2016 में पश्चिम बंगाल में राज्य की सभी 294 सीटों पर हुए विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी की पार्टी ने 45.6 प्रतिशत वोट हासिल कर राज्य की 211 सीटों पर जीत दर्ज की थी। वर्ष 2021 में हुए विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी की पार्टी को वोट भी ज्यादा मिले और सीटों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई।

कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने हाल ही में पश्चिम बंगाल कांग्रेस के नेताओं के साथ बैठक कर उन्हें राज्य की सभी 294 विधानसभा सीटों पर संगठन को मजबूत करने का टास्क दे दिया है। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के नेताओं को पश्चिम बंगाल में जनाधार और संगठन को मजबूत करने की सलाह दी है।

दिल्ली के कांग्रेस मुख्यालय 'इंदिरा भवन' में बुधवार को खरगे की अध्यक्षता और राहुल गांधी एवं केसी वेणुगोपाल की मौजूदगी में हुई बैठक में पश्चिम बंगाल कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, पश्चिम बंगाल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शुभांकर सरकार, वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी और दीपा दासमुंशी सहित बंगाल कांग्रेस के कई अन्य बड़े नेता शामिल हुए।

पश्चिम बंगाल में राज्य की सभी 294 विधानसभा सीटों पर संगठन को मजबूत बनाने की कांग्रेस की कवायद के साथ ही यह बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि इससे सबसे ज्यादा नुकसान किसको होगा क्या कांग्रेस के मजबूत होने का खामियाजा पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस और राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को उठाना पड़ेगा या फिर कांग्रेस की मजबूती से भाजपा को नुकसान उठाना पड़ेगा,जो ममता बनर्जी विरोधी मतों के सहारे राज्य में विधानसभा चुनाव जीतने की रणनीति पर काम कर रही है।

इसके लिए हमें वर्ष 2016 और वर्ष 2021 में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों पर गौर करना पड़ेगा। वर्ष 2016 में पश्चिम बंगाल में राज्य की सभी 294 सीटों पर हुए विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी की पार्टी ने 45.6 प्रतिशत वोट हासिल कर राज्य की 211 सीटों पर जीत दर्ज की थी। वर्ष 2021 में हुए विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी की पार्टी को वोट भी ज्यादा मिले और सीटों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई। 2021 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में 48.5 प्रतिशत वोट हासिल कर टीएमसी ने 213 सीटों पर कब्जा जमाया था। बीजेपी के प्रदर्शन की बात करें तो 2016 में राज्य की 291 सीटों पर चुनाव लड़ने के बावजूद पार्टी के खाते में सिर्फ 3 सीटें ही आ पाई थी और मत भी 10.3 प्रतिशत ही मिल पाया था। वहीं उस चुनाव में लेफ्ट पार्टियों के साथ मिलकर लड़ी कांग्रेस ने 12.4 प्रतिशत मत के साथ 44 सीटें जीती थी।

2021 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का पश्चिम बंगाल में प्रदर्शन सबसे ज्यादा शर्मनाक रहा। जबकि भाजपा के शानदार प्रदर्शन ने राजनीतिक विश्लेषकों को चौंका दिया। पिछले चुनाव में कांग्रेस का मत प्रतिशत 12.4 प्रतिशत से घटकर महज 3 प्रतिशत रह गया और पार्टी के खाते में एक भी सीट नहीं आ पाई। वहीं भाजपा का मत प्रतिशत 10.3 प्रतिशत से बढ़कर 38.5 प्रतिशत पर पहुंच गया और सीटों की संख्या भी 3 से बढ़कर 77 पर पहुंच गई।

आंकड़े यह साफ-साफ बता रहे हैं कि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस अगर मजबूत होती है तो इसका खामियाजा भाजपा को भी उठाना पड़ सकता है। ममता बनर्जी के बारे में यह मान कर चला जा रहा है कि मुसलमानों की बड़ी आबादी मजबूती से उनके साथ खड़ी है और लाभार्थी हिंदुओं का साथ हासिल करने के बाद वह और भी ज्यादा मजबूत हो जाती है। ऐसे में अगर कांग्रेस के वोटों का आंकड़ा 3 प्रतिशत से बढ़कर 10 प्रतिशत को पार कर जाता है तो इसका नुकसान प्रारंभिक तौर पर भाजपा को ही होगा। लेकिन अगर कांग्रेस अगड़ी जातियों और मुसलमानों के अपने पुराने वोट बैंक को वापस ला पाने में थोड़ा बहुत भी कामयाब हो जाती है और 15 प्रतिशत के आसपास वोट हासिल कर लेती है तो फिर इसका नुकसान ममता बनर्जी को उठाना पड़ सकता है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

वर्ग पहेली 5679

1	2		3	4	■	5	
6		■	7		8		■
	■	9	■	10		■	11
12	13	■	14	■	15	16	
17		18		■	19		
■	20			■		■	■
21	■		■	22		23	24
25			■		■	26	

संकेत: बाएं से दाएं

1. 1941 को इस भारतीय अदम्य निर्भीकता वाले पत्रकार ने जन्म लिया था (5)
5. यह ऑस्ट्रेलिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला शहर है जिसकी स्थापना 12 जून 1829 का हुई थी (2)
6. मास, महिना, तीस दिनों का समय (2)
7. काजल लगा हुआ, अंजनयुक्त (4)
9. शास्त्रीय संगीत में ऋषभ स्वर सूचक शब्द (1)
10. झुका हुआ, प्रणाम करता हुआ (2)
12. बहादुर, सूरमा, योद्धा (2)
15. संतान, वंशज (3)
17. वह जो ब्राह्मणों से अपने धार्मिक कृत्य करवाता है (4)
19. झूले की पेंग, झमने का भाव, तरंग (3)
20. रूप या अस्तित्व प्रदान होना (3)
22. अपनी इच्छानुसरा काम करने वाला (4)
25. महाभारत के अनुसार यह दुर्योधन का मंत्री था (3)
26. मुस्लिम पद्धति से विवाह करवाने वाला (2)

ऊपर से नीचे

1. जो मनुष्य के योग्य न हो, क्रूर (5)
2. आत्मा, जान, प्राण-वायु (2)
3. चसका, सुख-भोग, मनपसंद (2)
4. कारण (अंग्रेजी)(3)
5. नादरूपिणी वाणी, ब्रह्म विद्या (2)
8. बतौर नायिका यह नरगिस की अंतिम फिल्म थी जिसमें प्रदीप कुमार और फिरोजखान भी थे (6)
11. खाद्य खजाने वाला, साजिंदा (3)
13. इस्लामी सातवां महिना (3)
14. श्रवण करना, बर्दास्त करना (3)
16. ब्रिगेड, दस्ता, उर्दू का एक अक्षर (2)
18. किसी की प्रतिष्ठा या इज्जत को हानि पहुंचाना (4)
21. प्रसिद्धि, ख्याति, नाम होना (2)
22. सत्ताइस नक्षत्रों में दसवां जो शिशुमार से लगा हुआ है(2)
23. अवसर, घटना स्थल (2)
24. बड़ी बहन के लिए एक संबोधन, दीदी (2)

वर्ग पहेली 5678 का हल

द्य	कार	■	चि	त	रं	ज्ञ	न
लू	म	■	रा	ल	■	य	म
■	न	वा	ग	त	■	प्र	■
सी	क	र	■	म	■	का	त
न	र	■	■	ह	ता	त	■
■	ना	का	■	मू	ल	■	न
पं	■	म	द	द	■	क	र्म
गु	म	ना	म	■	ता	र	द्य

अपने जामवंत खुद बन भीतर के हनुमान को जगाइए

(सुंदरचंद ठाकुर)

हममें से अधिकतर लोग एक सामान्य जीवन जीते हैं - हर सुबह अलार्म की आवाज़ में आंख खुलती है, दौड़भाग, काम, तनाव और थकावट से भरा दिन, और फिर रात को बिस्तर पर वही एक सोच ङ्क क्या बस यही है जीवन पर कहीं न कहीं, एक और आवाज़ होती है - धीमी, लेकिन गहरी, जो बार-बार पूछती है- 'क्या तुम सचमुच वही हो जो अभी हो' या फिर तुम कुछ और बन सकते हो

इस सवाल का जवाब हमें रामायण की अनुपम कथा में मिलता है। वह प्रसंग जब सीता जी की खोज के लिए वानर दल समुद्र के किनारे खड़ा था। सब चुप थे। कोई भी यह नहीं कह पा रहा था कि वह समुद्र पार कर सकता है। और वहीं खड़े थे हनुमान ङ्क शक्तिशाली, पर अपनी ही क्षमता से अनजान। तभी सामने आते हैं जामवंत, और कहते हैं हे वीर, क्या तुम भूल गए कि तुम कौन हो तुम्हारे भीतर अपार बल है।

जैसे ही जामवंत उन्हें उनका सत्य याद दिलाते हैं, हनुमान को अपनी शक्तियां स्मरण हो जाती हैं। वे विशाल रूप लेते हैं, और समुद्र को एक ही छलांग में पार कर जाते हैं। वो काम, जो उन्हें असंभव लग रहा था, अब सहज हो जाता है। अब सोचिए, अगर हनुमान जैसे महाबली को भी किसी जामवंत की ज़रूरत पड़ी, तो हम और आप कैसे अपने सामर्थ्य को पहचानें लेकिन यहां एक फर्क है। हर किसी को जीवन में कोई जामवंत नहीं मिलता।

कोई ऐसा नहीं आता जो कंधा पकड़कर कहे तू कर सकता है। तू उड़ सकता है। इसलिए ज़रूरी है कि हम अपना जामवंत खुद बनें। वो आवाज़ खुद बनें जो कहे -मैं अधूरा नहीं हूं। मैं बस सोया हुआ हूं। और अब जागने का वक्त है। हमारे भीतर अपार ऊर्जा है, अद्भुत कल्पनाशक्ति है, निर्णय लेने की ताकत है, और हालात को बदल देने की हिम्मत है। पर इन शक्तियों को हम तब तक नहीं पहचान पाते, जब तक कोई भीतर से हमें जगा न दे।

तो क्यों न वह 'जागृति' खुद से ही शुरू हो जब हम अपनी क्षमताओं को पहचानते हैं, तो हम केवल अपने जीवन को ही नहीं बदलते, बल्कि अपने परिवार, अपने समाज और अपने समय को भी छूते हैं। जैसे हनुमान ने सीता की खोज कर राम का कार्य संभव किया, वैसे ही हम भी किसी के जीवन में प्रकाश की किरण बन सकते हैं। तो इंतजार किसका, आज से एक नई शुरुआत करें ङ्क हर सुबह खुद से कहें- 'मेरे भीतर अपार शक्ति है।'

अपनी सबसे बड़ी कमजोरी को देखें, और तय करें- इसे मैं बदलूँगा। हर दिन एक छोटा-सा काम ऐसा करें जो आपकी आत्मा को सुकून दे - कोई सेवा, कोई रचना, कोई साहसिक निर्णय। आपका ये छोटा-सा कदम, आपके भीतर के हनुमान को जगा देगा। और जब वो जाग जाएगा - तो कोई भी समुद्र बड़ा नहीं लगेगा, कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं रहेगा। आपके जीवन का हर दिन कोई न कोई करामात से भरा दिन साबित होगा।

आज का राशिफल

मेष
आज दिन मिलाजुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव हो सकते हैं। ये बदलाव आपके साथ काम करने वालों के लिए थोड़ी परेशानी ला सकते हैं। आपकी मदद करने की आदत के कारण आज आप दूसरों की मदद करने में व्यस्त रहेंगे।

वृष
आज दिन परिवार के साथ खुशी में बीतेगा और आपको दोपहर तक कोई अच्छी खबर मिल सकती है। अपनी सेहत का ध्यान रखें और शाम को कोई खास मेहमान आपके घर आ सकता है।

तुला
आज शिक्षा और प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष सफलता मिल सकती है और आपके लिए आय के नए स्रोत बनेंगे। आपको आपकी बोलने की कला का लाभ मिलेगा और आपके लिए तरक्की के योग बनेंगे।

वृश्चिक
आज लोगों को आर्थिक लाभ होगा और आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आपके धन, सम्मान, यश और कीर्ति में वृद्धि होगी और आपके सभी कार्य पूर्ण होंगे। अपनों से मुलाकात होगी और आपको भाग्य का साथ मिलेगा।

मिथुन
आज कोई कीमती चीज या संपत्ति मिल सकती है और आपके पिता का आशीर्वाद और बड़े अधिकारियों की कृपा आप पर बनी रहेगी। आज आप पूरे दिन व्यस्त रहेंगे। बेहतर होगा कि आप फिजूलखर्ची से बचने की कोशिश करें।

कर्क
आज अचानक धन लाभ हो सकता है और आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी होगी। आपको कारोबार में जुड़ी योजनाओं में तेजी आएगी।

धनु
आज घर के सामान पर खर्च करना पड़ सकता है और आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। किसी कर्मचारी या रिश्तेदार की वजह से तनाव बढ़ सकता है और आप पैसे के लेन-देन में सावधानी रखें, आपका धन फंस सकता है।

मकर
आज व्यापार में अच्छा लाभ होगा और आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। आप व्यापार में बदलाव की योजना बना सकते हैं और आपको प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलेगी।

सिंह
आज राजनीति के क्षेत्र में बड़ी सफलता मिलने की संभावना है। आप अपने बच्चों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाएंगे और आपको लाभ होगा। आपके रुके हुए काम पूरे होंगे और आपकी सेहत थोड़ा बिगड़ सकती है।

कन्या
आज दिन शुभ है और आपको अपनी मेहनत का फल मिलेगा। आपके परिवार में खुशी का माहौल रहेगा और आपका मन शुभ कार्य में लगेगा। मुश्किल परिस्थितियों में अपने गुस्से पर काबू रखें।

कुंभ
आज जीवनसाथी को अचानक स्वास्थ्य समस्या हो सकती है और इस कारण से आपकी भागदौड़ और खर्च बढ़ सकता है। किसी संपत्ति को खरीदते या बेचते समय उसके सभी कानूनी पहलुओं पर ध्यान दें।

मीन
आज वैवाहिक जीवन आनंददायक रहेगा और आप सुखी रहेंगे। आज आप छोटी या लंबी यात्रा कर सकते हैं और कारोबार में तरक्की से आपको खुशी मिलेगी। विद्यार्थियों को मानसिक तनाव से छुटकारा मिलेगा।

भाजपा के साथ कोई मतभेद नहीं, पार्टी अध्यक्ष का चुनाव जल्द : आरएसएस

बेंगलुरु, एजेंसी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने शनिवार को स्पष्ट किया कि भाजपा के नए अध्यक्ष के चयन को लेकर उसका पार्टी के साथ कोई मतभेद नहीं है। आरएसएस ने कहा कि यह निर्णय पूरी तरह से भाजपा पर निर्भर है। हालांकि, इसमें यह भी कहा गया कि भाजपा अध्यक्ष का चुनाव जल्द ही होगा, जिससे इस मामले को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग जाएगा।

शनिवार को बेंगलुरु में आयोजित अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के दौरान एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरएसएस के संयुक्त महासचिव अरुण कुमार ने भाजपा अध्यक्ष के लंबित चुनाव के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब दिया। उन्होंने कहा, संघ के सदस्य 32 संबद्ध संगठनों में काम करते हैं। प्रत्येक संगठन स्वतंत्र है और उसकी अपनी निर्णय लेने की प्रक्रिया है। उनकी अपनी सदस्यता संरचना और स्थापित प्रक्रियाएं हैं।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया, भाजपा अध्यक्ष के चुनाव के लिए समन्वय समिति की बैठक नहीं होगी। भाजपा और आरएसएस में कोई अंतर नहीं है। हम समाज और देश के लिए मिलकर काम करते हैं। आज भी हम उसी विश्वास और समझ के साथ काम कर रहे हैं। पार्टी की



प्रक्रिया चल रही है, सदस्यता पूरी हो चुकी है और विभिन्न स्तरों पर समितियों का गठन हो चुका है। आने वाले दिनों में भाजपा अध्यक्ष का चुनाव होगा। उन्होंने जोर देकर कहा, यह प्रक्रिया पार्टी के ढांचे के भीतर ही पूरी होगी। बस कुछ दिन इंतजार कीजिए, सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। वर्तमान भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, जो केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री भी हैं, अपने कार्यकाल को विस्तार देते हुए इस पद पर बने हुए हैं। चर्चा है कि भाजपा और आरएसएस किसी उपयुक्त उम्मीदवार पर सहमत नहीं हो पाए हैं, जिससे दोनों संगठनों के बीच टकराव की अटकलें लगाई जा रही हैं। राष्ट्रीय अखंडता पर बोलते हुए आरएसएस नेता अरुण कुमार ने कहा, हमारे राष्ट्रीय जीवन की एक अलग पहचान है और सभी को इसकी रक्षा करनी चाहिए। इस देश में कई भाषाएं हैं, लेकिन भावनाएं एक ही हैं। सभी भाषाओं का सार एक है। महान व्यक्तित्व कभी भी अपने राज्य तक सीमित नहीं रहे, वे पूरे राष्ट्र से जुड़ाव की भावना रखते हैं। उन्होंने कहा, हमारे देश में कई धर्म, अलग-अलग खान-पान और अलग-अलग संस्कृतियां हैं, फिर भी मूल्य एक जैसे हैं। हमारी संस्कृति एक है। हमारा विश्वास एक लोग, एक राष्ट्र में है। ऐतिहासिक रूप से, जबकि देश के भीतर अलग-अलग राज्य थे, लोग हमेशा स्वतंत्र रूप से घूमते रहे हैं, जहां भी वे चाहते थे, बस गए। यह हमारी विशिष्टता है। भाषा या संस्कृति को लेकर कोई मतभेद नहीं होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा, हमें ब्रिटिश शासन द्वारा छोड़ी गई कमियों को दूर करना होगा। आखिरकार, जैसा कि संविधान की प्रस्तावना में कहा गया है, हम, भारत के लोग। हम शब्द परिभाषित करने वाला तत्व है। धर्म, भाषा और अन्य पहलुओं में मतभेद यहीं खत्म हो जाते हैं। उन्होंने कहा, हमारी पहचान एक है। संघ का मानना है कि हम भारत के लोगों को सामाजिक मुद्दों को हल करने के लिए आगे बढ़ना चाहिए। हमने इसे स्वीकार किया है और जबकि कोई भी व्यवस्था परिपूर्ण नहीं है, हमने राज्यों और राष्ट्र के साथ एक संरचना बनाई है। मूल विचार हमेशा देश के बारे में सोचना होना चाहिए। आरएसएस नेता अरुण कुमार ने आगे कहा, हमारा लक्ष्य एक ऐसे समाज का निर्माण करना है जो देशभक्ति, एकता, निस्वार्थता, अनुशासन और राष्ट्र प्रथम की मानसिकता को बढ़ावा दे। अगर समाज मजबूत और संगठित है, तो चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान किया जा सकेगा। लोगों की गुणवत्ता देश की नियति निर्धारित करती है। कुछ महान व्यक्तियों के कारण कोई राष्ट्र महान नहीं बनता, बल्कि महान नागरिक ही राष्ट्र को महान बनाते हैं। यही हमारा काम है। हम जिस समाज की कल्पना करते हैं, वह संघ को आकार देने के हमारे तरीके में झलकता है। उन्होंने कहा, हम समाज में जिन लोगों को देखना चाहते हैं, वही लोग संघ में भी हैं। हम खुद को अलग नहीं मानते। पूरे देश में देशभक्ति की भावना बढ़ रही है और साथ मिलकर काम करने की इच्छा भी बढ़ रही है। हमारा मानना है कि देश में गुणात्मक बदलाव हो रहा है, हालांकि अभी और प्रगति की जरूरत है। उन्होंने कहा, जैसे-जैसे यह भावना बढ़ेगी, परिवर्तन भी होगा। शताब्दी समारोह के दौरान यह प्रक्रिया और तेज हो जाएगी। उन्होंने कहा, समाज की ताकत सर्वोपरि है।

भारत ने बौद्ध धर्म के माध्यम से पूरी दुनिया में दिया शांति का संदेश - किरेन रिजिजू

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय हिमालयी नालंदा बौद्ध परंपरा परिषद (आईएचसीएनबीटी) की पहली आम सभा का शनिवार को नई दिल्ली में समापन हो गया। इस सभा में बौद्ध धर्म से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, हमारा देश बुद्ध की भूमि है और पूरी दुनिया इसे बुद्ध की भूमि के रूप में जानती है। एक महान राष्ट्र के रूप में नरेंद्र मोदी सरकार ने नालंदा परंपरा को संरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं। भारत ने बौद्ध धर्म के माध्यम से पूरी दुनिया में शांति का संदेश दिया है। विशेष रूप से हिमालयन बेल्ट में शांति बनाए रखने के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश होने के बाद इसे राज्यसभा में लाया जाएगा। रिजिजू ने स्पष्ट किया, हम इस विधेयक पर विस्तार से चर्चा करेंगे। मुस्लिम संगठन भी जानते हैं कि यह विधेयक मुसलमानों की संपत्ति हड़पने के लिए नहीं है। इसके माध्यम से पारदर्शिता बढ़ेगी और गरीबों एवं महिलाओं को लाभ होगा। यह व्यवस्था के लिए है, न कि किसी की संपत्ति छीनने के लिए। उन्होंने आगे कहा, वक्फ आज एक राजनीतिक विषय बन चुका है। एक समुदाय शांति की कामना करता है, जबकि दूसरा अशांति फैलाने की कोशिश करता है। लोग समझ रहे है कि इस तरह की मांग बेबुनियाद और संविधान के खिलाफ है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है और यहां नागरिकों के अधिकारों का कोई उल्लंघन नहीं हो सकता। दलाई लामा को भारत रत्न देने की संभावनाओं पर किरेन रिजिजू ने कहा कि इस पर सरकार ही निर्णय लेगी।

संक्षिप्त समाचार

मांझी ने राष्ट्रगान विवाद पर नीतीश का बचाव किया

नईदिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में आगामी विधानसभा चुनाव जीतने को लेकर आश्वस्त है। मांझी ने कहा कि नीतीश को कोई समस्या नहीं है और जो लोग हाल ही में राजनीति में आए हैं, वे उन्हें राष्ट्रगान का सम्मान करना नहीं सिखा सकते। नीतीश पटना में एक कार्यक्रम में कथित तौर पर राष्ट्रगान का ''अनादर'' करने के लिए विपक्ष के निशाने पर हैं। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (एस) के प्रमुख मांझी ने अपने लोकसभा क्षेत्र गया में संवाददाताओं से कहा, ''नीतीश कुमार 20 वर्षों से बिहार के मुख्यमंत्री हैं। उनका कार्यकाल सुशासन के लिए जाना जाता है और उनकी कुशाग्र बुद्धि की दुनियाभर में सराहना हुई है। हम राजग में उनके नेतृत्व में इस वर्ष के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव जीतने को लेकर आश्वस्त हैं।'' नीतीश को दो दिन पहले राष्ट्रगान बजने के दौरान मुस्कुराते हुए और लोगों की ओर हाथ हिलाते हुए देखा गया था। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के व्यवहार को लेकर उठे विवाद पर मांझी ने कहा, ''इसमें कुछ भी आपत्तिजनक नहीं था। नीतीश कुमार को कोई भी समस्या नहीं है। जो लोग हाल ही में राजनीति में आए हैं, वे उन्हें राष्ट्रगान का सम्मान करना नहीं सिखा सकते।'' मांझी का इशारा बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव की ओर था, जो मुख्यमंत्री के ''शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य'' पर संदेह जता रहे हैं।

कई देश भारत के विकास मॉडल को अपनाना चाहते हैं- गोयल

नईदिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को यहां कहा कि कई देश भारत के विकास मॉडल को अपनाना चाहते हैं, जिसमें स्टार्टअप इंडिया जैसी पहलों को प्रमुखता दी गई है। उन्होंने वेजलपुर स्टार्टअप उत्सव के समापन समारोह में कहा कि भारत का लक्ष्य यूनिकॉर्न की संख्या को मौजूदा 118 से बढ़ाकर 1,000 और 5,000 करना है। जिन स्टार्टअप का मूल्यांकन एक अरब डॉलर से अधिक होता है, उन्हें यूनिकॉर्न कहते हैं। केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा कि देश में बनाए गए स्टार्टअप परिवेश ने नौकरी चाहने वालों को नौकरी देने वाला बनने के लिए प्रोत्साहित किया है। गोयल ने कहा, गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी ने तेज गति से राज्य के विकास को सुनिश्चित किया। गुजरात का विकास तब देश का विकास बन गया। आज कई देश, विशेष रूप से विकासशील देश, भारत के विकास मॉडल को अपनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस विकास मॉडल में स्वच्छ भारत मिशन, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, आयुष्मान भारत जैसी कई पहल जोड़ी हैं। गोयल ने कहा कि स्टार्टअप ने अपने नए और अभिनव विचारों, कामकाज के नए तरीकों से भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में मदद की है।

जनता 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को 'समाप्तवादी पार्टी' बना देगी- केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य की जनता 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) को 'समाप्तवादी पार्टी' बना देगी। मौर्य ने हरदोई में सम्राट अशोक जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कहा, सपा प्रमुख अखिलेश यादव के जैसे संस्कार हैं, वैसे ही उनके विचार हैं और राज्य की जनता सपा को 'समाप्तवादी पार्टी' बना देगी। उन्होंने कहा, यहां बड़ी संख्या में एकत्र हुए लोगों ने 2027 में समाजवादी पार्टी को खत्म करने का संकल्प लिया है, जैसा उन्होंने 2017 के विधानसभा चुनाव में किया था। वर्ष 2017 में हुए विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और सहयोगी दलों ने 403 में से 325 सीटों पर जीत हासिल की थी। केशव प्रसाद मौर्य उस समय पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष थे। मौर्य ने अखिलेश यादव को पर कटाक्ष करते हुए कि जो लोग अपमानजनक का प्रयोग करते हैं।

सड़क हादसे में पुलिस अधिकारी की मौत

हयातनगर , एजेंसी। तेलंगाना के हयातनगर में शनिवार तड़के टहलने निकले 57 वर्षीय एक पुलिस अधिकारी को एक बस ने टक्कर मार दी, जिसमें उनकी मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना तड़के करीब चार बजकर 40 मिनट पर हुई।पुलिस ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टी एम नंदीश्वर बाबजी टहलने निकले थे, उसी दौरान यह घटना हुई। पुलिस ने बताया कि जब वह सड़क पार कर रहे थे, तभी आंध्र प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (आरटीसी) की एक बस ने उन्हें टक्कर मार दी।

केरल के इडुक्की में लापता व्यक्ति का शव गटर में मिला, तीन संदिग्ध हिरासत में

इडुक्की, एजेंसी। केरल के इडुक्की जिले में बृहस्पतिवार सुबह से लापता एक व्यक्ति का शव गटर से बरामद किया गया है। इस मामले में तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि यह हत्या का मामला हो सकता है। उसने बताया कि मृतक की पहचान थोडुपुझा के चुंगम निवासी बीजू जोसफ के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि जोसफ का शव थोडुपुझा के पास कलायंथानी में खानपान से संबंधित कंपनी के गोदाम के गटर में मिला था। जोसफ बृहस्पतिवार सुबह घर से सुबह की सैर पर निकले थे और तब से लापता थे। उनके रिश्तेदारों ने थोडुपुझा पुलिस थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस को जांच के दौरान जोसफ के कपड़े और जूते बरामद हुए। पुलिस ने बताया कि जांचकर्ताओं ने शुरू में जोसफ के व्यापारिक साझेदार रहे व्यक्ति से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उसका फोन बंद था। उक्त व्यक्ति कलयंथानी का निवासी है। पुलिस ने बताया कि ऐसा बताया जा रहा है कि जोसफ की मौत का कारण उसके व्यापारिक साझेदार रहे व्यक्ति से वित्तीय विवाद है।

विकसित भारत के लिए मजबूत कूटनीति और व्यापार साझेदारी जरूरी : विदेश मंत्री जयशंकर

नईदिल्ली, एजेंसी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को बिजनेस टुडे वुकानॉमिक्स 2025 में 'डिप्लोमेसी इन द एज ऑफ डिसरप्शन' विषय पर संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि कैसे भारत की विदेश नीति आर्थिक विकास, व्यापार और राष्ट्रीय हितों को मजबूत कर रही है। जयशंकर ने कहा कि मौजूदा वैश्विक अस्थिरता के बीच भारत की कूटनीति एक अहम भूमिका निभा रही है। भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल है, जो एक साथ रूस-यूक्रेन, इजराइल-ईरान, लोकतांत्रिक पश्चिम और ग्लोबल साउथ, ब्रिक्स और क्वाड के साथ संवाद कर सकता है। उन्होंने बताया कि भारत ने 40 से अधिक समूहों में भाग लिया है या उन्हें शुरू किया है, जो नवीकरणीय ऊर्जा, जैव ईंधन, आपदा प्रबंधन और कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित हैं।

विदेश मंत्री ने भारत की ऊर्जा कूटनीति पर जोर देते हुए कहा कि यूक्रेन संघर्ष के बाद भारत ने अपने ऊर्जा विकल्पों की रक्षा की। उन्होंने कहा, हर देश ने अपने हितों के अनुसार फैसले लिए, और भारत ने भी वही किया। जयशंकर ने यह भी बताया कि भारत अब नवीकरणीय ऊर्जा और छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों को बढ़ावा दे रहा है, ताकि भविष्य में ऊर्जा की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके।

उन्होंने कहा कि भारत विश्वसनीय सप्लाई चेन बनाने पर ध्यान दे रहा है। गल्फ क्षेत्र में

भारत को आवश्यक वस्तुओं का भरोसेमंद आपूर्तिकर्ता माना जाता है। उन्होंने बताया कि भारत ने हाल ही में लैटिन अमेरिका, अफ्रीका और भूमध्य सागर में व्यापार सम्मेलनों का आयोजन किया, ताकि भारतीय व्यवसायों को नए बाजारों में अवसर मिल सके। जयशंकर ने एआई युग में डेटा सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, डेटा नए तेल की तरह है और डेटा सेंटर नए रिफाइनरी हैं। उन्होंने यह भी बताया कि भारत की व्यापक तकनीकी क्षमताएं उसे वैश्विक स्तर पर प्रमुख स्थान दिला रही हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि भारतीय दूतावास अब व्यापारिक हितों को आगे बढ़ाने में अधिक सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे स्थानीय सरकारों के साथ संपर्क कर भारतीय प्रतिभा को वैश्विक स्तर पर अवसर दिला रहे हैं। जयशंकर ने बताया कि भारत की आईएमईसी कॉरिडोर, आईएनएसटीसी और त्रिपक्षीय राजमार्ग परियोजना जैसी पहल व्यापार और परिवहन को आसान बनाएंगी। उन्होंने कहा कि भारत अब पर्यटन को केवल एक उद्योग के रूप में नहीं, बल्कि आर्थिक विकास का इंजन मानता है। जयशंकर ने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास' की नीति भारत की विदेश नीति पर भी लागू होती है। उन्होंने कहा कि व्यापार, तकनीक, ऊर्जा या सुरक्षा- हर क्षेत्र में भारत अधिक से अधिक विकल्प खुले रखना चाहता है। उन्होंने बताया कि भारत इस समय यूरोपीय संघ, यूके और अमेरिका के साथ व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है और हाल ही में न्यूजीलैंड के साथ भी वार्ता शुरू की गई है। जयशंकर ने कहा कि भारत को 'विकसित भारत' बनाने के लिए कूटनीति और व्यवसायों को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा, हमारी विदेश नीति का लक्ष्य है कि भारत वैश्विक स्तर पर मजबूत हो और व्यापार तथा निवेश के लिए सबसे आकर्षक गंतव्य बने।

न्यायिक जवाबदेही के बारे में भी कहीं न कहीं करना होगा विचार : रविशंकर प्रसाद

नईदिल्ली, एजेंसी। पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने शनिवार को कहा कि वह न्यायपालिका की स्वतंत्रता का पूरा सम्मान करते हैं, लेकिन न्यायिक जवाबदेही के बारे में भी कहीं न कहीं विचार किया जाना चाहिए। भाजपा नेता ने कहा, 'मैं इतना ही कहूंगा कि देश अपेक्षा करता है कि न्यायाधीशों के व्यक्तित्व, उनकी ईमानदारी और उनकी पारदर्शिता पर देश विश्वास करे। वैसे हम न्यायपालिका की स्वतंत्रता का पूरा सम्मान करते हैं।' पूर्व कानून मंत्री से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के सरकारी आवास से बड़ी मात्रा में नकदी मिलने के मामले में सवाल किया गया था। प्रसाद ने कहा कि इस मामले को सुप्रीम कोर्ट अपनी तय प्रक्रिया के तहत देख रहा है और मामले में शीर्ष अदालत के निर्णय की अपेक्षा की जानी चाहिए।

रविशंकर प्रसाद ने कहा, 'आपको मालूम है कि जब मैं कानून मंत्री था, तब हम एक बार राष्ट्रीय न्यायिक आयोग लेकर आए थे। इस व्यवस्था को उच्चतम न्यायालय ने रद्द कर दिया था, लेकिन अब

शायद कहीं न कहीं न्यायिक जवाबदेही के बारे में भी विचार किया जाना चाहिए।' प्रसाद ने कहा कि वह न्यायपालिका की निष्पक्षता और ईमानदारी के बहुत बड़े समर्थक हैं। भाजपा नेता ने एक सवाल पर कहा कि न्यायाधीशों को बेटियों और बच्चियों के मामलों में और संवेदनशील बनना चाहिए। उन्होंने कहा, 'मैं बहुत विनम्रता के साथ कहना चाहता हूं कि देश में जब बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ की बात होती है, तो यह ध्यान रखना न्यायमूर्तियों का भी काम है कि बेटियों के बारे में संवेदनशीलता रखी जाए।' रविशंकर प्रसाद ने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार की ओर से शासकीय ठेकों में मुसलमानों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान को संविधान के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि इससे अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का हक मारा गया है। उन्होंने कहा, 'सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार कहा है कि धर्म और उपासना पद्धति के आधार पर किसी भी समुदाय को आरक्षण नहीं दिया जा सकता। देश के संविधान में भी इसका निषेध है। फिर भी वोट बैंक के लालच में कांग्रेस आखिर कहां तक जाएगी?' देश में योग्यता की प्रणाली को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सवाल उठाए जाने पर प्रसाद ने कहा, 'राहुल गांधी को पहले यह बताना चाहिए कि वह किस योग्यता से लोकसभा में विपक्ष के नेता बने हैं? इस पद पर उनकी नियुक्ति में मेरिट के नियमों की सरासर अवहेलना की गई है।' बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के बार-बार सवाल उठाने पर उन्होंने कहा, 'राजद तो रोज ही कुछ न कुछ बोलता रहता है। मुझे इस पर कुछ नहीं कहना है।

उद्धव ठाकरे ने मुझसे अपने बेटे का नाम प्रेस में ना लेने को कहा- नारायण राणे

मुंबई, एजेंसी। भाजपा सांसद नारायण राणे ने दिशा सालियन की मौत मामले में शनिवार को बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे ने उन्हें 2020 में इस केस को लेकर प्रेस में अपने बेटे आदित्य का नाम लेने से मना किया था। राणे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, दिशा सालियन के पिता को हाई कोर्ट जाना पड़ा क्योंकि उन्हें अभी तक न्याय नहीं मिला है। उनके पिता को लगा कि उन्हें पुलिस से न्याय नहीं मिलेगा, इसलिए वे एचसी गए। उद्धव ठाकरे के पीए (जो अब शायद विधायक हैं) ने मुझे फोन किया। मैं उस समय घर जा रहा था। उसने कहा कि उद्धव ठाकरे मुझसे बात करना चाहते हैं। पीए ने पूछा कि क्या आप बात करेंगे? मैंने कहा कि वह कहां हैं और उन्हें फोन दीजिए।

नारायण राणे ने कहा, जैसे ही उद्धव ठाकरे ने फोन लिया, मैंने कहा जय महाराष्ट्र। उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या मैं अभी भी जय महाराष्ट्र कहता हूं, तो मैंने जवाब दिया कि मैं मरते दम तक जय महाराष्ट्र कहता रहूंगा। जय महाराष्ट्र मातोश्री की संपत्ति नहीं है। यह छत्रपति शिवाजी महाराज की संपत्ति है। राणे ने कहा कि जब वह मुख्यमंत्री थे, उद्धव ठाकरे ने कोरोना महामारी के दौरान मुझे 2 बार फोन किया। उन्होंने दिशा सालियन मामले में अपने बेटे को ना घसीटने की गुजारिश की। पूर्व

केंद्रीय मंत्री ने आगे दावा किया, मैंने ठाकरे से कहा कि किसी का नाम नहीं लिया है। केवल अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक मंत्री का जिक्र किया था। राणे ने कहा कि अब तक जुटाए गए सबूतों के आधार पर एफआईआर दर्ज करें और उसे (आदित्य) गिरफ्तार करें।

दिशा सालियान की मौत का मामला क्यों गरमाया : महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ भाजपा नीत महायुति गठबंधन ने दिशा सालियान मामले को राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों में उठाया था, जिसके बाद तीखी नोकझोंक हुई। शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि वह उन पर लगाए जा रहे आरोपों का जवाब अदालत में देंगे। महायुति के विधायकों ने जानना चाहा कि उसके पिता ने जिनके नाम लिए हैं, क्या उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

जब राजनीति का स्तर गिरता है, तो समाज की रक्षा के लिए साहित्य आता है आगे - शशि थरूर

भुवनेश्वर, एजेंसी। केरल के तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद और प्रसिद्ध लेखक शशि थरूर ने शनिवार को भुवनेश्वर में आयोजित 11वें कलिंग साहित्य महोत्सव 2025 में अपने संबोधन में कहा कि जब राजनीति गिरती है, तो साहित्य हमेशा समाज की रक्षा के लिए सामने आता है। थरूर ने दिवंगत प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और प्रसिद्ध हिंदी लेखक रामधारी सिंह दिनकर के बीच हुई ऐतिहासिक बातचीत का उदाहरण दिया और बताया कि लेखक समाज में बदलाव लाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जब समाज जवाब देना बंद कर देता है, तो साहित्यकार अपनी लेखनी से समाज को दिशा देने का कार्य करते हैं। थरूर ने अपने भाषण में यह भी कहा कि अगर लेखकों को घुटन महसूस हो रही है, तो यह समाज की स्थिति का साफ संकेत है। उन्होंने वर्तमान में हो रहे ध्रुवीकरण पर चिंता जताते हुए कहा कि इस समय कुछ भी नया होने की उम्मीद नहीं है।

वरिष्ठ पत्रकार सतीश पद्मनाभन के साथ एक संवाद में थरूर ने कहा, मैं न तो कम्युनिस्ट हूं, न सांप्रदायिक, और न ही किसी एक विचारधारा से बंधा हूं। मैं हमेशा उन अच्छे पहलुओं के लिए खुला हूं जो समाज में हो रही हैं। उन्होंने भारत की विदेश नीति की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री

नरेंद्र मोदी ने रूस और यूक्रेन के बीच संतुलन बनाए रखते हुए संयम और राजनीतिक सूझबूझ का परिचय दिया। थरूर ने प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका की यात्रा के बाद भारत के टैरिफ ढांचे पर बातचीत के सकारात्मक परिणामों का भी उल्लेख किया और कहा कि यह दर्शाता है कि सही नेतृत्व के तहत चीजें कैसे आकार ले सकती हैं। उन्होंने हाल ही में केरल की वामपंथी सरकार के व्यापार समर्थक रुख का भी समर्थन किया। जब उनसे भविष्य के राजनीतिक कदमों के बारे में पूछा गया, तो शशि थरूर ने कहा, विकल्प हमेशा खुले रहते हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि एक पार्टी दूसरी पार्टी के लिए है, यह साहित्यिक खोज या किसी और दिशा में भी हो सकता है।

कलिंग साहित्य महोत्सव के दूसरे दिन का उद्घाटन नागालैंड के पर्यटन मंत्री तेमजेन इम्ना ने किया। साथ ही राजकुमारी गौरी लक्ष्मी बाई और प्रोफेसर जतिंद्र नायक भी मौजूद थे। इस दिन के प्रमुख सत्रों में केरल और अन्य स्थानों की संस्कृति और साहित्य में त्रावणकोर शाही परिवार के योगदान पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त, ब्रांड ओडिशा पर आयोजित एक सत्र में, ओडिशा के प्रमुख सरकारी संस्थानों के प्रतिनिधियों ने राज्य में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में हो रहे नवाचारों की जानकारी दी। केएलएफ 2025 के दूसरे दिन, ब्रांड ओडिशा पर एक अन्य सत्र में आईएमएमटी, आईआईटी और एम्स जैसे प्रमुख सरकारी संस्थानों के वक्ताओं ने बताया कि ओडिशा किस तरह विज्ञान प्रौद्योगिकी, शिक्षा और अनुसंधान, स्वास्थ्य क्षेत्र, सेमीकंडक्टर और महत्वपूर्ण धातुओं के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। आईआईटी भुवनेश्वर के निदेशक ने ओडिशा की सेमीकंडक्टर नीति और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया। आईआईटी भुवनेश्वर के निदेशक ने कहा, ओडिशा में सबसे अच्छी सेमी कंडक्टर नीति है, हमने अनुसंधान और उद्योग अकादमिक साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त उद्योग प्रयोगशाला स्थापित की है, जिसमें उद्योग ने 45 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

आईपीएल 2025:

हैदराबाद ने आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया

ईशान ने सीजन का पहला शतक बनाया

हैदराबाद, एजेंसी। सनराइजर्स हैदराबाद ने IPL-18 के दूसरे मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को जीत के लिए 287 रन का टारगेट दिया। राजस्थान ने हैदराबाद के खिलाफ टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। हैदराबाद ने 6 विकेट पर 286 रन बनाए। यह आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। सबसे बड़े स्कोर का रिकॉर्ड (287 रन) हैदराबाद के नाम ही है। हैदराबाद से ईशान किशन ने 106 रन की शतकीय पारी खेली। ट्रैविस हेड ने 31 बॉल पर 67 रन बनाए। हेनरिक क्लासन 34 रन, नीतीश कुमार रेड्डी 30 रन और अभिषेक शर्मा 24 रन बनाकर आउट हुए। राजस्थान के तुषार देशपांडे ने 3 विकेट झटके। महीश तीक्षणा ने 2 और संदीप शर्मा ने एक विकेट लिए।

कोहली के अर्धशतक के सेलीब्रेशन के बीच मैदान में आ घुसा फैन, पैरों में गिरा

कोलकाता, एजेंसी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2025 का आगाज जीत के साथ करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 7 विकेट से जीत दर्ज की। इस जीत के बीच विराट कोहली की फैन फॉलोइंग ने एक बार फिर सबको हैरान कर दिया जब एक फैन कोहली के अर्धशतक के बाद तारों के उपर से निकलते हुए सुरक्षा घेरा तोड़कर मैदान में पहुंचा और उनके पैरों में जा गिरा। कोलकाता से मिले 175 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कोहली ने 12.5 ओवर में हर्षित राणा की गेंद पर चौका लगाकर अर्धशतक पूरा किया।

कोहली अर्धशतक का जश्न मना रहे थे कि उनका एक फैन सुरक्षा घेरा तोड़कर मैदान में आ गया और कोहली के पांव में आ गिरा। इसके बाद कोहली के कहने पर उठा और कोहली ने फैन को गले लगाया जिसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने उसे मैदान से बाहर कर दिया। कोहली ने जीत में अहम भूमिका निभाते हुए 36 गेंदों पर नाबाद 59 रन बनाकर टीम का नेतृत्व किया। आरसीबी ने 175 रनों के लक्ष्य को केवल 16.2 ओवर में सफलतापूर्वक हासिल कर लिया। कोहली के अलावा फिल सॉल्ट ने भी (56) अर्धशतकीय पारी खेली जबकि रजत पाटीदार ने 16 गेंदों पर 34 रन बनाए।

कोलकाता, एजेंसी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2025 का आगाज जीत के साथ करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 7 विकेट से जीत दर्ज की।

इस जीत के बीच विराट कोहली की फैन फॉलोइंग ने एक बार फिर सबको हैरान कर दिया जब एक फैन कोहली के अर्धशतक के बाद तारों के उपर से निकलते हुए सुरक्षा घेरा तोड़कर मैदान में पहुंचा और उनके पैरों में जा गिरा। कोलकाता से मिले 175 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कोहली ने 12.5 ओवर में हर्षित राणा की गेंद पर चौका लगाकर अर्धशतक पूरा किया। कोहली अर्धशतक का जश्न मना रहे थे कि उनका एक फैन सुरक्षा घेरा तोड़कर मैदान में आ गया और कोहली के पांव में आ गिरा। इसके बाद कोहली के कहने पर उठा और कोहली ने फैन को गले लगाया जिसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने उसे मैदान से बाहर कर दिया। कोहली ने जीत में अहम भूमिका निभाते हुए 36 गेंदों पर नाबाद 59 रन बनाकर टीम का नेतृत्व किया। आरसीबी ने 175 रनों के लक्ष्य को केवल 16.2 ओवर में सफलतापूर्वक हासिल कर लिया। कोहली के अलावा फिल सॉल्ट ने भी (56) अर्धशतकीय पारी खेली जबकि रजत पाटीदार ने 16 गेंदों पर 34 रन बनाए।

जिम्नास्ट प्रणति नायक का शानदार प्रदर्शन

एफआईजी विश्व कप में कांस्य पदक जीता

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय जिम्नास्ट प्रणति नायक ने शनिवार को तुर्की के अंताल्या में एफआईजी कलात्मक जिम्नास्टिक एपरेट्स विश्व कप के वॉल्ट फाइनल में कांस्य पदक हासिल किया। टोक्यो ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली 29 वर्षीय प्रणति ने वॉल्ट फाइनल में कुल 13.417 का स्कोर बनाया तथा जयला हैंग (13.667) और क्लेयर पीज (13.567) की अमेरिकी जोड़ी के पीछे तीसरे स्थान पर रहीं।

प्रणति ने वॉल्ट क्वालिफिकेशन में 13.317 का स्कोर बनाया था। उन्होंने कहा, साल की शुरुआत पदक के साथ करना शानदार अहसास है। इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है। मैंने पिछले साल भी जीत हासिल की थी, इसलिए मैं वाकई बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा, मेरी नजरें अब एशिया चैंपियनशिप और विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने पर हैं, यही इस साल का लक्ष्य है। प्रणति ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक से पहले काहिरा में एफआईजी अपैरटस विश्व कप की महिला वॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।

उन्होंने 2019 (उलनबटेर) और 2022 (दोहा) में एशियाई चैंपियनशिप में वॉल्ट कांस्य पदक भी जीते। प्रणति वॉल्ट में अंतरराष्ट्रीय पदक जीतने वाली तीसरी भारतीय जिमनास्ट हैं, उनसे पहले दीपा करमाकर (2018 मर्सिन गोल्ड, 2018 कॉटबस कांस्य) और अरुणा रेड्डी (2018 मेलबर्न में विश्व कप) ने पदक जीता है। उन्होंने 2014 और 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के साथ-साथ 2014 और 2018 एशियाई खेलों में भी भाग लिया। इसके अलावा उन्होंने 2014, 2017 और 2019 विश्व चैंपियनशिप में भी देश का प्रतिनिधित्व किया।

डेविड वॉर्नर ने भारतीय एयरलाइंस पर निकाली भड़ास

● बिना पायलट वाले विमान में घंटों करना पड़ा इंतजार

नई दिल्ली, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के स्टार क्रिकेटर डेविड वॉर्नर को शनिवार को नई दिल्ली में एयर इंडिया की फ्लाइट में असामान्य देरी का सामना करना पड़ा जिसके बाद उन्होंने भारतीय एयरलाइंस एयर इंडिया पर जमकर भड़ास निकाली। वॉर्नर और अन्य यात्रियों को एक ऐसे विमान में चढ़ने के लिए मजबूर किया गया जिसमें कोई पायलट नहीं था जिसके कारण उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ा। वार्नर को आईपीएल मेगा नीलामी में नहीं मिला जिसके बाद वह पाकिस्तान सुपर लीग सीजन 10 के ड्राफ्ट के लिए पंजीकृत हो गए। 2009 से आईपीएल में खेलने वाले वॉर्नर ने दिल्ली कैपिटल्स या सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेला है और 2016 में सनराइजर्स को अपना पहला और एकमात्र आईपीएल खिताब दिलाने में भी मद की है। वह पिछली बार आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेले थे जिसमें उन्होंने आठ मैच खेले और 168 रन बनाए थे।

वॉर्नर ने सोशल मीडिया पर इसे लेकर अपनी निराशा व्यक्त की है। वॉर्नर ने एक्स पर लिखा, हम बिना पायलट वाले विमान में सवार हुए और घंटों विमान में इंतजार करते रहे। आप यात्रियों को क्यों चढ़ाएंगे, यह जानते हुए कि आपके पास विमान के लिए कोई पायलट नहीं है?

इस पर एयर इंडिया ने भी अपनी प्रतिक्रिया साझा की है। एयरलाइन ने स्पष्ट किया कि बेंगलुरु में खराब मौसम की वजह से इस क्षेत्र में उड़ने वाली सभी एयरलाइनों में देरी हुई। एयर इंडिया ने जवाब में लिखा, आपकी फ्लाइट का संचालन करने वाला चालक दल इन व्यवधानों से प्रभावित पहले के असाइनमेंट पर रुका हुआ था जिसके कारण प्रस्थान में देरी हुई। हम आपके धैर्य की सराहना करते हैं और हमारे साथ उड़ान भरने का विकल्प चुनने के लिए आपका धन्यवाद करते हैं।

न्यूजीलैंड-पाकिस्तान: पाकिस्तान के नाम एक और फजीहत

टी20 सीरीज भी हाथ से निकली

नई दिल्ली, एजेंसी। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के बाद शानदार आगाज किया है। पाकिस्तान के खिलाफ खेली जा रही 5 टी20 मैचों की सीरीज में उन्हें 3-1 की अजेय बढ़त हासिल हो चुकी है। न्यूजीलैंड ने माउंट माउंगानुई के बे ओवल में पहले खेलते हुए सीफर्ट के 44, फिन ऐलन के 50, कप्तान माइकल ब्रेसवेल के 46 रनों की बदौलत 220 रन बनाए। जवाब में खेलने उतरी पाकिस्तान 105 रन ही बना पाई। ऐसी उम्मीद थी कि पाकिस्तान यह मैच जीतकर सीरीज को 2-2 की बराबरी पर लाएगी ताकि पांचवां मुकाबला निर्णायक हो। लेकिन पाकिस्तान की टीम चौथे टी20 में घुटने टेक गई।

न्यूजीलैंड: 220/6 (20 ओवर)

फिन एलन और टिम सीफर्ट एक बार फिर से ओपनिंग पर आए और अपनी टीम को

उम्मीद मुताबिक शुरूआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 4.1 ओवर में ही 59 रन जोड़ दिए। सीफर्ट ने 22 गेंदों पर 3 चौके और 4 छक्कों की मदद से 44 रन बनाए। फिन ने 20 गेंदों पर 6 चौके और 3 छक्कों की मदद से 50 रन बनाए। चापमैन ने 16 गेंदों पर 24 रन बनाए। वह हारिस रऊफ की गेंद पर बोल्ड हुए। डेरिल मिचेल ने एक छोर संभाला और 23 गेंदों पर 29 रन बनाए। कप्तान माइकल ब्रेसवेल ने 26 गेंदों पर 5 चौके और 2 छक्कों की मदद से 46 रन बनाए और स्कोर 6 विकेट पर 220 तक पहुंचा दिया। पाकिस्तान के लिए हारिस रऊफ ने 27 रन देकर 3 विकेट लीं।

पाकिस्तान: 105/10 (16.2 ओवर)

हसन नवाज जिन्होंने पिछले मैच में शतक बनाया था। इस पर एक रन बनाकर जैकब डफी का शिकार हो गए। मोहम्मद हारिस 2 तो कप्तान सलमान अली आगा 1 ही रन बना पाए। 9 रन पर 3 विकेट गिर जाने के बाद इरफान खान ने एक छोर संभाला। इस दौरान शादाब खान 1 तो खुशदिल शाह 6 रन बनाकर आऊट हो गए। अब्दुल समद ने एक छोर संभाला लेकिन पाकिस्तान का टेल एंडर साथ छोड़ता गया। आखिरकार पाकिस्तान की पूरी टीम 105 रन पर ऑलआऊट हो गई। न्यूजीलैंड के लिए जैकब डफी ने 20 रन देकर सर्वाधिक 4 विकेट लिए।

जिला स्तरीय अंडर 7 शतरंज प्रतियोगिता में दिविशा और मेदांश बने चैंपियन

जोधपुर, एजेंसी। सरदारपुरा स्थित गुलाबदास जगन्नाथ धूत स्मृति भवन में एडहॉक समिति, जोधपुर जिला शतरंज संघ द्वारा जोधाणा शतरंज अकादमी के सहयोग से आयोजित अंडर 7 वर्ग शतरंज प्रतियोगिता संपन्न हुई। बालक वर्ग में चार चक्र तथा बालिका वर्ग में तीन चक्रों में मुकाबले पूर्ण हुए।

बालक वर्ग में मेदांश धाणदिया 4 में से 4 अंक प्राप्त कर विजेता बने जबकि बालिका वर्ग में दिविशा राठी चैंपियन बनी। बालक वर्ग में द्वितीय स्थान पर्व गट्टानी एवं तृतीय स्थान पर दुआशं भाटी, चौथे पर अर्श राव रहे। बालिका वर्ग में वाणी बिड़ला उप विजेता बनी।

तदर्थ समिति के संयोजक संजय पारख ने बताया कि चुने गए खिलाड़ी राज्य स्तरीय अंडर 7 प्रतियोगिता में जोधपुर जिला का

प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक डॉ जयमल सिंह राठौड़ ने स्विस पद्धति से मुकाबले पूर्ण करवाए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रोटेरियन विजय चौधरी, तथा विशिष्ट अतिथि दिनेश गौड़ उपस्थित थे। आयोजन सचिव मोहम्मद आरिफ ने अतिथियों का स्वागत किया। विरेंद्र हरखानी ने कार्यक्रम का संचालन किया।

टीबी मुक्त भारत के लिए नेता और अभिनेता के बीच खेला गया टी-20 मैच

मुंबई, एजेंसी। भाजपा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने टीबी मुक्त भारत जागरूकता अभियान के लिए मुंबई के एमसीए क्रिकेट स्टेडियम में राजनेताओं और अभिनेताओं के बीच एक टी-20 क्रिकेट मैच का आयोजन किया।

इस पहल की सराहना करते हुए, अर्जुन कपूर ने कहा कि चूंकि आईपीएल अभी शुरू हुआ है, इसलिए यूसुफ पठान को भी खेलने का मन कर रहा है। 2 स्टेट्स के अभिनेता ने साझा किया कि उन्हें स्टेडियम से बाहर गेंद मारते हुए देखना अच्छा लगता है। उन्होंने कहा, मनोरंजन, राजनीति और खेल किसी भी तरह का संदेश पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण आधार हैं। इसलिए, यह बहुत अच्छा लगता है कि हम सभी ऐसे महत्वपूर्ण कार्य के लिए एक साथ आ सकते हैं। इसके अलावा, अभिनेता अर्जुन रामपाल ने कहा, मुझे लगता है कि यह पहल बहुत अच्छी है। यह प्रधानमंत्री मोदी द्वारा एक बहुत ही महत्वपूर्ण पहल है।

अनुराग ठाकुर ने मुझे बताया कि हमारी 28 फीसदी आबादी टीबी का शिकार हो गई है। इसलिए, इस बारे में जागरूकता फैलाना बहुत जरूरी है। मुझे उम्मीद है कि यह संदेश सभी तक पहुंचेगा और हम 2025 तक टीबी मुक्त भारत के सपने को साकार करने में सक्षम होंगे। इसके अलावा, अभिनेता राजपाल यादव ने कहा कि रोग मुक्त होने के लिए फिटनेस बेहद जरूरी है। फिट रहने के लिए खेल एक बहुत प्रभावी तरीका है। अभिनेता डिनो मोरिया ने कहा, देश के तीन सबसे प्रिय क्षेत्र- मनोरंजन, क्रिकेट और राजनीति देश से टीबी को मिटाने की पहल का समर्थन करने के लिए एक साथ आए हैं।

वीरेंद्र सहवाग पर क्यों भड़क गए शोएब अख्तर

मैं गिनीज बुक में तेरी एंट्री करवा दूंगा...

नई दिल्ली, एजेंसी। सोशल मीडिया पर पूर्व पाकिस्तानी तेज गेंदबाज शोएब अख्तर का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. इस वीडियो में शोएब अख्तर पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग के बारे में बात कर रहे हैं. शोएब अख्तर कह रहे हैं कि हां जी, एक वीडियो देखा है वीरू पाजी का. यार तंग आ गया हूं उसकी बातें सुन-सुन कर. एक ही टेप 20 साल से चला रहा है. 300, 300, 300... अरे भाई मैं भी वहीं था, जब तूने 300 किया है, मैं भी देख रहा था, पूरा पाकिस्तान भी देख रहा था.

बहुत अच्छा खेला था, बहुत ही टॉप क्लास खेला था. तू जानता है ना कौन सा... बहरहाल, सोशल मीडिया पर शोएब अख्तर का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. इसके अलावा सोशल मीडिया

यूजर्स लगातार कमेंट्स कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं. बताते चलें कि भारतीय टीम तकरीबन 21 साल पहले पाकिस्तान के दौरे पर गई थी. उस दौरे पर भारत और पाकिस्तान के बीच 3 टेस्ट मैचों की सीरीज खेली गई थी.

इस सीरीज का पहला टेस्ट मुल्तान में खेला गया था. उस टेस्ट में वीरेंद्र सहवाग ने 309 रन बनाए थे. उन्होंने अपनी इनिंग में 39 चौके और 6 छक्के जड़े थे.

वहीं, भारतीय टीम ने पहली पारी में 5 विकेट पर 675 रनों का स्कोर बनाया था. साथ ही राहुल द्रविड़ की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने पाकिस्तान को इनिंग और 52 रनों से हराया था.

● तुझे पता है ना मेरा रिलेशनशिप हैं वहां पर...

शोएब अख्तर आगे कह रहे हैं कि बस कर, अगर तुझे अगर तुझे गिनीज बुक में एंट्री चाहिए ना 300 की तो मैं सीधे करवा सकता हूं. तुझे पता है ना मेरा रिलेशनशिप हैं वहां पर. तेरी एंट्री मैं करवा सकता हूं. दुनिया में सबसे ज्यादा 300-300 का जिक्र करने वाला वीरेन्द्र सहवाग... और देख अगर तुझे चाहिए गिनीज बुक में एंट्री कराने के लिए तो अपने से बात कर भाई, क्योंकि अपने पास एक असली रिकॉर्ड है.

संक्षिप्त समाचार

अमेरिका के लास क्रूसेस शहर में पार्क में गोलीबारी, तीन की मौत, 15 घायल

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के न्यू मेक्सिको राज्य के लास क्रूसेस शहर में एक पार्क में गोलीबारी की घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और 15 लोग घायल हो गए. न्यूज एजेंसी एपी की रिपोर्ट के मुताबिक, घायलों में 16 से 36 वर्ष की आयु के व्यक्ति शामिल हैं, जिन्हें गोली लगी है. बाद में घायलों को अस्पताल ले जाया गया. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पार्क के एक बड़े हिस्से में 50 से 60 हैंडगन के खोल बिखरे पड़े थे, जिससे संकेत मिलता है कि दो समूहों के बीच कई शूटर और कई हथियार थे. उनके बीच आपसी दुश्मनी या विवाद के कारण गोलीबारी हुई. उन्होंने बताया कि गोलीबारी में कई अन्य घायल हुए हैं. पुलिस ने बताया कि मृतकों में 16 वर्षीय लड़का और 18 तथा 19 वर्ष की आयु के दो पुरुष शामिल हैं. स्थानीय पुलिस गोलीबारी की घटना की जांच कर रही है. न्यू मेक्सिको राज्य पुलिस, डोना एना काउंटी शेरिफ कार्यालय, एफबीआई और अन्य एजेंसियां जांच में सहयोग कर रही हैं. लास क्रूसेस के फायर चीफ माइकल डेनियल ने कहा कि 11 घायलों को तीन स्थानीय अस्पतालों या एल पासो के यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर, क्षेत्रीय ट्रॉमा सेंटर में भेजा गया. उन्होंने कहा कि शनिवार तक सात पीड़ित एल पासो में थे और इलाज के बाद चार को छुट्टी दे दी गई. पुलिस अधिकारी हमलावरों या संदिग्धों की पहचान करने के लिए पार्क से वीडियो और वहां मौजूद लोगों से पूछताछ कर रहे हैं. एक पुलिस अधिकरी ने कहा कि यह भयावह और मूर्खतापूर्ण कृत्य है, जो न्यू मेक्सिको के कानून-व्यवस्था की घोर उपेक्षा की याद दिलाता है. उन्होंने कि सभी अपराधियों को घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया जाएगा और हम उन्हें आपराधिक न्याय प्रणाली के कटघरे में खड़ा करेंगे. अधिकारी ने कहा कि शुक्रवार रात को जिस समय यह घटना हुई, पार्क में अवैध कार शो चल रहा था. रात का समय होने के कारण कम पुलिस बल था।

जेलेंस्की ने माना, नाटो में शामिल नहीं हो पाएगा यूक्रेन

कीव, एजेंसी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने स्वीकार कर लिया है कि यूक्रेन नाटो में शामिल नहीं हो पाएगा. उक्त बातें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्य पूर्व में दूत स्टीवन विटकॉफ ने शुक्रवार कहीं. इस बारे में अमेरिकी पत्रकार टकर कार्लसन के साथ एक साक्षात्कार में विटकॉफ ने कहा कि जेलेंस्की और यूक्रेनी राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख एंड्री यरमक ने काफी हद तक स्वीकार कर लिया है कि वे नाटो के सदस्य नहीं बनने जा रहे हैं. विटकॉफ ने कहा कि यदि कोई शांति समझौता होने जा रहा है, तो यूक्रेन नाटो का सदस्य नहीं हो सकता. उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह बात काफी हद तक स्वीकार्य है. साथ ही उन्होंने यह भी दावा किया कि यूक्रेन के नेतृत्व ने चुनाव कराने पर अपनी सहमति जताई है, लेकिन उन्होंने इसका कोई ब्यौरा नहीं दिया. कार्लसन के इस बारे में पूछने पर कि क्या यूक्रेन में चुनाव होंगे, विटकॉफ ने कहा, हां. होंगे. वे इसके लिए रजामंद हो गए हैं और यूक्रेन में चुनाव होंगे. हालांकि यूक्रेन में राष्ट्रपति चुनाव 2024 में होने की आशा थी, लेकिन देश के मार्शल लॉ लगने की वजह से इसे स्थगित कर दिया गया. यूक्रेन में मार्शल लॉ रूस के साथ संघर्ष शुरू होने के साथ से ही लागू है. गौरतलब है कि एक महीने पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जेलेंस्की को बिना चुनाव वाला तानाशाह बताया था. इससे पहले बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ करीब एक घंटे तक फोन पर बात की थी. यह बातचीत रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात करने के एक दिन बाद हुई. इसके बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने बाद में कहा कि उनका मानना है कि ट्रंप के नेतृत्व में इस साल स्थायी शांति हो सकती है. वहीं मीडिया रिपोर्ट के अनुसार व्हाइट हाउस ने कहा कि यूक्रेन के परमाणु ऊर्जा संयंत्रों पर संभावित अमेरिकी स्वामित्व को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया. जेलेंस्की ने कहा कि यह केवल रूस के कब्जे वाले जापोरिज्जिया प्लांट के बारे में था. बता दें कि पिछले महीने यूक्रेन के राष्ट्रपति की व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ तीखी बहस हो गई थी।

अफगानिस्तान का दावा- अमेरिका ने तालिबान लीडर हक्कानी पर से 10 मिलियन डॉलर का इनाम हटाया

काबुल, एजेंसी। अफगानिस्तान के गृह मंत्रालय ने दावा किया है कि अमेरिका ने तालिबान नेता और गृहमंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी पर से 10 मिलियन डॉलर का इनाम हटा दिया है। हालांकि इस पर अभी तक अमेरिकी विदेश मंत्रालय की तरफ से कोई जानकारी नही दी गई है। अमेरिका ने 2010 में उसकी गिरफ्तारी से जुड़ी सूचना देने पर 10 मिलियन डॉलर का इनाम घोषित किया था।अमेरिकी जांच एजेंसी स्नब्ब्ष्ठ की बेवसाइट पर अभी वांटेड की लिस्ट में हक्कानी का नाम शामिल है। सिराजुद्दीन हक्कानी अफगानिस्तान और पाकिस्तान में सक्रिय कुख्यात हक्कानी नेटवर्क का प्रमुख है, जिसे अमेरिका ने 2012 में एक आतंकी संगठन घोषित किया था। हक्कानी को 2008 में काबुल के एक होटल पर हमले का मास्टरमाइंड माना जाता है।

इजराइली हवाई हमले में हमास के पॉलिटिकल लीडर की मौत

तेल अवीव, एजेंसी। इजराइल के हवाई हमले में हमास के टॉप पॉलीटिकल लीडर सलाह अल-बर्दावील और उनकी पत्नी की मौत हो गई है। हमास ने रविवार सुबह इसकी पुष्टि की है। हमला दक्षिणी गाजा के खान युनिस शहर में हुआ था। दूसरी तरफ इजराइल ने शनिवार रात लेबनान में कई जगहों पर हवाई हमले किए। इन हमलों में 7 लोगों की मौत हो गई है। इजराइल ने यह हमला लेबनान से दागे गए रॉकेट के जवाब में किया। पिछले 4 महीने से हिजबुल्लाह के साथ जारी सीजफायर के बाद इजराइल का यह पहला बड़ा हमला था।

हिजबुल्लाह ने बयान जारी कर बताया कि उसने इजराइल पर रॉकेट नहीं दागे हैं और सीजफायर का पालन कर रहा है। इजराइली सेना (आईडीएफ) ने बताया कि लेबनान बॉर्डर के पास मेटुला शहर से 6 रॉकेट दागे गए थे। इनमें से 3 इजराइल में दाखिल हुए, जिन्हें हवा में ही नष्ट कर दिया गया। आईडीएफ के मुताबिक हमलावरों की पहचान नहीं हो पाई है,

लेकिन उसने हिजबुल्लाह के कमांड सेंटर और दर्जनों रॉकेट लॉन्चर्स को निशाना बनाया है।

हमास के साथ इजराइल ने सीजफायर तोड़ा पिछले हफ्ते मंगलवार को इजराइल ने सीजफायर तोड़ते हुए गाजा में दोबारा हमले शुरू किए थे। इन हमलों में लगभग 600 फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है। इजराइली सेना ने कहा कि वह गाजा सिटी के तीन इलाकों में नए हमले की योजना बना रही है और फिलिस्तीनियों को वहां से निकलने की चेतावनी दी गई है। इजराइल ने हमास की कैद में मौजूद 59 बंधकों की रिहाई तक गाजा में हमले तेज करने का आदेश दिया है। इन बंधकों में से 24 जिंदा है। इससे पहले दोनों के बीच 19 जनवरी को सीजफायर हुआ था। इसमें बंधकों की रिहाई की डील हुई थी। नेतन्याहू ने हमले तेज करने के लिए कहा टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक रॉकेट हमलों के जवाब में इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सेना को लेबनान में जवाबी कार्रवाई करने के लिए कहा है। इसके लिए दर्जनों ठिकानों को निशाना बनाने का आदेश दिया गया है। वहीं लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने भी सेना को जरूरी कदम उठाने के लिए कहा है। हालांकि नवाफ ने साफ किया कि देश वापस जंग नहीं चाहता है। लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी एनएनए के मुताबिक, इजराइली हमले में दक्षिणी लेबनान के टूलिन गांव में पांच लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक बच्चा भी शामिल है, जबकि 10 अन्य घायल हुए। सितंबर 2024 में हिजबुल्लाह-इजराइल में जंग छिड़ी थी हमास के 7 अक्टूबर, 2023 के हमले के बाद हिजबुल्लाह ने इजराइल पर मिसाइल, ड्रोन और रॉकेट हमले शुरू कर दिए थे। सितंबर में यह टकराव जंग में बदल गया, जब इजराइल ने बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए और हिजबुल्लाह के कई सीनियर नेताओं को मार गिराया। इस संघर्ष में लेबनान में 4,000 से अधिक लोगों की मौत हो गई, जबकि लगभग 60,000 इजराइली विस्थापित हुए। युद्धविराम समझौते के तहत इजराइल को जनवरी के अंत तक लेबनान के सभी इलाकों से हटना था, लेकिन इस समय सीमा को बढ़ाकर 18 फरवरी कर दिया गया। हालांकि, इजराइल ने अभी भी लेबनान की 5 जगहों पर मौजूदगी बनाई हुई है। लेबनान ने संयुक्त राष्ट्र से इजराइल को पूरी तरह वापस बुलाने के लिए दबाव बनाने की अपील की है। संयुक्त राष्ट्र की अंतरिम सेना ने भी संभावित हिंसा बढ़ने को लेकर चिंता जताई है और सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील की है।

अमेरिकी स्टोर में शूटिंग, भारतीय मूल के पिता-बेटी की मौत, एक व्यक्ति गिरफ्तार

वर्जीनिया, एजेंसी। अमेरिकी राज्य वर्जीनिया के एक स्टोर में शूटिंग में एक भारतीय मूल के पिता और उनकी बेटी की जान चली गई। ये हादसा 20 मार्च को एकोमैक काउंटी में लैंकफोर्ड हाईवे पर बने स्टोर पर हुआ था। हादसे के वक्त प्रदीपकुमार पटेल (56) और उनकी 24 साल की बेटी इस स्टोर में काम कर रहे थे। एकोमैक काउंटी के शेरिफ ऑफिस की तरफ से बताया गया है कि इस हत्या के पीछे का मकसद अभी साफ नहीं हो पाया है। पीड़ित गुजरात के मेहसाणा के कनोदा गांव के मूल निवासी और पाटीदार परिवार से आते हैं. खबर के मुताबिक, गोली लगने के कारण प्रदीप कुमार की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं उनकी गंभीर रूप से घायल बेटी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. अमेरिकी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. जानकारी के मुताबिक, जब यह हमला हुआ उस समय प्रदीपभाई पटेल और उनकी बेटी उर्वी पटेल वर्जीनिया के एकोमैक काउंटी में स्टोर में मौजूद थे. इसी बीच एक बंदुकधारी स्टोर में घुसा और ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगा. प्रदीपभाई के सिर पर गोली लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई. वहीं, 36 घंटे के लंबे इलाज के बाद उनकी बेटी उर्वी की भी मौत हो गई. 20 मार्च की सुबह साढ़े पांच बजे हत्या का आरोपी शराब लेने स्टोर में आया था. इसके बाद उसने रात में दुकान क्यों नहीं खुली रखने की बात कहकर विवाद किया और दोनों पिता और बेटी को गोली मार दी. प्रदीप पटेल, उनकी पत्नी हंसाबेन और बेटी उर्वी 6 साल पहले अमेरिका गए थे. प्रदीपभाई की 3 बेटियां हैं. इस घटना की जानकारी मिलते ही उनके बेटी-दामाद और भतीजा अमेरिका पहुंच गए हैं।

दक्षिण कोरिया में जंगलों की आग में चार लोगों की जान गई, इमरजेंसी घोषित

सियोल, एजेंसी। दक्षिण कोरिया में कई जंगलों में आग लगी हुई है। इनमें चार लोगों की जान चली गई है, जबकि हजारों लोग अपने घरों से बेघर हुए हैं। ऐसे में दक्षिण कोरिया ने इमरजेंसी घोषित कर दी है। कोरिया फॉरेस्ट सर्विस ने कहा कि इस आग के चलते 847 हेक्टेयर जंगल नष्ट हो गए हैं, जबकि इलाके से 260 रेजिडेंट्स को यहां से सुरक्षित निकाला गया है। देश के विभिन्न हिस्से के जंगलों में फैली आग ने स्थानीय निवासियों के साथ अधिकारियों की चिंता बढ़ा दी है। आग बुझाने के प्रयासों में जुटे फायरफाइटर्स और राहत कर्मियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। इस दौरान भारी धुंआ और तेज हवा ने आग को और भी फैलने में मदद की, जिससे दमकल कर्मियों को आग पर काबू पाना बेहद कठिन हो गया है। दक्षिण ग्योंगसांग प्रांत में शुक्रवार को शुरू हुई आग ने शनिवार दोपहर तक 275 हेक्टेयर यानी 680 एकड़ क्षेत्र को अपनी जद में ले लिया। इस आग को काबू करने की कोशिश में जुटे दो दमकलकर्मियों की जान चली गई। अधिकारियों के मुताबिक, 200 से अधिक लोगों को अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा। कार्यवाहक राष्ट्रपति चोई सांग-मोक ने सूर्यास्त से पहले आग पर काबू पाने के लिए हर संभव प्रयास करने का निर्देश दिया था।

यूनिसेफ ने तालिबान ने लड़कियों की शिक्षा पर लगे प्रतिबंध हटाने की अपील की, कहा- भविष्य खतरे में

न्यूयॉर्क, एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र की बाल एजेंसी यूनिसेफ ने अफगानिस्तान में तालिबान से लड़कियों की शिक्षा पर लगे बैन को हटाने की अपील की है। एजेंसी ने शनिवार को कहा कि 2021 में तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद लाखों लड़कियां शिक्षा से वंचित हैं। यूनिसेफ के मुताबिक बैन की वजह से इस साल 4 लाख लड़कियां स्कूल नहीं जा सकी। इससे शिक्षा से वंचित लड़कियों की संख्या 22 लाख हो गई है। अफगानिस्तान में लड़कियों की माध्यमिक और उच्च शिक्षा पर पाबंदी है। यूनिसेफकी कार्यकारी निदेशक कैथरीन रसेल के मुताबिक इस प्रतिबंध के चलते महिला डॉक्टरों और दाइयों की संख्या में भारी गिरावट होगी, जिससे लाखों महिलाओं को जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पाएंगी। उनका अनुमान है कि इससे 1,600 माताओं और 3,500 नवजात शिशुओं की जान जा सकती है। 22 लाख से अधिक लड़कियां शिक्षा से वंचित यूनिसेफ ने यह पहल इसलिए की है, ताकि उन लाखों लड़कियों का भविष्य बचाया जा सके जो 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद से शिक्षा के अधिकार से वंचित हैं। यूनिसेफ ने यह अपील ऐसे समय में की है जब अफगानिस्तान में नया अकादमिक वर्ष शुरू हुआ है। एजेंसी ने कहा कि इस प्रतिबंध के कारण 4,00,000 और लड़कियां शिक्षा के अधिकार से वंचित हो गई हैं तथा इसी के साथ ऐसी लड़कियों की कुल संख्या 22 लाख हो गई है जो छठी कक्षा के बाद पढ़ नहीं सकीं। लड़कियों की शिक्षा पर बैन लगाने वाला दुनिया का पहला

देश अफगानिस्तान दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जहां लड़कियों की माध्यमिक और उच्च शिक्षा पर प्रतिबंध है। तालिबान के अनुसार यह प्रतिबंध उचित है क्योंकि यह शिक्षा व्यवस्था शरिया या इस्लामी कानून की व्याख्या के अनुरूप नहीं है। यूनिसेफ की कार्यकारी निदेशक कैथरीन रसेल ने एक बयान में कहा, ''तीन साल से अधिक समय से अफगानिस्तान में लड़कियों के अधिकारों का उल्लंघन किया जा रहा है।'' उन्होंने कहा, ''सभी लड़कियों को अब स्कूल लौटने की अनुमति दी जानी चाहिए। बैन नहीं हटा तो 40 लाख लड़कियां होंगी शिक्षा से महरूम अगर इन सक्षम एवं प्रतिभाशाली युवतियों को शिक्षा से वंचित रखा जाता रहा तो इसके परिणाम कई पीढ़ियों तक रहेंगे।'' उन्होंने कहा कि इस प्रतिबंध से लाखों अफगान लड़कियों के भविष्य को नुकसान पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि यदि प्रतिबंध 2030 तक जारी रहता है, तो ''40 लाख से अधिक लड़कियां प्राथमिक स्कूल से आगे की शिक्षा के अपने अधिकार से वंचित हो जाएंगी।'' उन्होंने कहा कि इसके परिणाम ''विनाशकारी'' होंगे। अशिक्षा बन सकती है हजारों शिशुओं की मौत का कारण रसेल ने चेतावनी दी कि महिला चिकित्सकों और दाइयों की संख्या में कमी के कारण महिलाओं एवं लड़कियों को चिकित्सकीय देखभाल नहीं मिल पाएगी जिसके परिणामस्वरूप करीब 1,600 अतिरिक्त माताओं और 3,500 से अधिक अतिरिक्त शिशुओं की मौत होने की आशंका है।

इजराइल ने हमास को दिया दो चरणों में बंधकों की रिहाई का प्रस्ताव!

काहिरा, एजेंसी। इजराइल ने गाजा में बंधकों की रिहाई के लिए मिस्र के मध्यस्थों के माध्यम से हमास को दो-चरणीय योजना का प्रस्ताव दिया है. मीडिया रिपोर्ट में कह गया है कि प्रस्ताव के शुरुआती चरण में हमास द्वारा 11 जीवित बंधकों को रिहा करना और और 16 शवों को सौपना शामिल है. समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार इसके बाद 40 दिन का युद्धविराम होगा. इसके बाद, दूसरे चरण में इजराइल के प्रस्ताव में हमास से एक ही समूह में शेष सभी बंधकों को रिहा करने को कहा गया है. रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका इजरायल के प्रस्ताव का समर्थन करता है. इजराइल ने मंगलवार को गाजा में हमले फिर से शुरू कर दिए, जिससे 19 जनवरी को मिस्र, कतर और अमेरिका की मध्यस्थता से हमास के साथ शुरू हुआ युद्धविराम प्रभावी रूप से समाप्त हो गया. इसके बाद इजराइली सेना ने दक्षिणी, उत्तरी और मध्य गाजा में जमीनी अभियान शुरू किया. जवाब में हमास ने इजराइली क्षेत्र को निशाना बनाकर कई रॉकेट दागे, जिनमें से अधिकतर को

इजराइल ने रोक दिया. रिपोर्ट में कहा गया है कि मिस्र के दो सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि काहिरा ने शेष बंधकों की रिहाई के लिए समय सीमा तय करने का सुझाव दिया है. साथ ही अमेरिकी गारंटी के साथ गाजा से इजराइल की पूर्ण वापसी की अंतिम तिथि भी तय करने का सुझाव दिया है. उन्होंने बताया कि अमेरिका ने प्रारंभिक स्वीकृति का संकेत दिया है जबकि इजराइली अधिकारियों ने कहा कि उन्हें अमेरिका समर्थित कोई मध्यस्थता प्रस्ताव नहीं मिला है. इजराइली अधिकारियों ने कहा है कि मध्यस्थों के साथ बातचीत का रास्ता खुला है. ये भी कहा गया कि हमारे सामने मिस्र की ओर से कोई मध्यस्थता प्रस्ताव पेश नहीं किया गया है. हमें ऐसे किसी प्रस्ताव की जानकारी नहीं है. इस बीच इजराइल के रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज के नेतृत्व में सुरक्षा कैबिनेट के प्रस्ताव को मंजूरी देने के लिए बैठक करने की खबर है. इसमें रक्षा मंत्रालय के भीतर एक प्रशासन स्थापित करने का प्रस्ताव है, ताकि गाजा में रहने वालों के अन्य देशों में स्वैच्छिक स्थानांतरण के लिए सरकारी प्रयासों का समन्वय किया जा सके.

अगर मंजूरी मिल जाती है तो प्रशासन सरकारी मंत्रालयों, सेना और पुलिस के बीच सहयोग की देखरेख करेगा. सुरक्षा सूत्रों ने दावा किया कि गाजा निवासियों के बीच किए गए सर्वेक्षणों से पता चलता है कि लगभग 50 प्रतिशत लोग छोड़ना चाहते हैं. उच्च शिक्षा प्राप्त लगभग 90 प्रतिशत लोगों ने अवसर मिलने पर प्रवास करने की इच्छा व्यक्त की है. कैट्ज ने गाजावासियों से कहा कि आबादी निकासी जल्द ही शुरू होगी.

अमेरिका में भारतीय मूल की महिला ने गला रेत कर की बेटे की हत्या

न्यूयॉर्क, एजेंसी। अमेरिका में एक भारतीय मूल की महिला पर मासूम बेटे की हत्या का बड़ा आरोप लगा है. तीन दिनों तक डिज्नीलैंड में बिताकर लौटने के बाद उसने कथित तौर पर बेटे की गला रेतकर हत्या कर दी. पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार 48 वर्षीय सरिता रामाराजू पर अपने बेटे का गला रेतकर हत्या करने का एक गंभीर आरोप लगाया गया है. महिला डिज्नीलैंड में छुट्टियां मनाने गई थी. कैलिफोर्निया के ऑरेंज काउंटी के जिला अटॉर्नी कार्यालय की ओर से शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा गया कि यदि वह सभी आरोपों में दोषी पाई जाती है तो उसे अधिकतम 26 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है. रामाराजू 2018 में लड़के के पिता से तलाक लेने के बाद कैलिफोर्निया से बाहर चली गई थी. वह अपने बेटे के साथ कस्टडी विजिट के लिए सांता एना के एक मोटल में रह रही थी. इस विजिट के दौरान उसने अपने बेटे के लिए डिज्नीलैंड के लिए तीन दिन की पास खरीदी. 19 मार्च को जिस दिन रामाराजू को मोटल से चेकआउट करना था और लड़के को उसके पिता को सौंपना था. लेकिन उसने सुबह फोन करके बताया कि उसने अपने बेटे की हत्या कर दी है और आत्महत्या के लिए गोलियां खा ली है. सांता एना पुलिस मोटल पहुंची और पाया कि छोटा लड़का डिज्नीलैंड की यादगार वस्तुओं के बीच एक कमरे में बिस्तर पर मृत पड़ा था. बयान में कहा गया कि ऐसा प्रतीत होता है कि लड़के की मौत कई घंटे पहले हुई. लड़के को उसी दिन उसके पिता को लौटा दिया जाना था. मोटल के कमरे के अंदर एक बड़ा रसोई में इस्तेमाल किया जाने वाला चाकू मिला. इसे एक दिन पहले खरीदा गया था. अज्ञात पदार्थ के सेवन के बाद रामाराजू को गुरुवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और लड़के की चाकू घोंपकर हत्या करने के संदेह में उसे गिरफ्तार कर लिया गया. ऑरेंज काउंटी के जिला अटॉर्नी टॉड स्पित्जर ने कहा कि किसी बच्चे का जीवन दो ऐसे अभिभावकों के बीच अधर में नहीं लटकना चाहिए, जिनका एक-दूसरे के प्रति गुस्सा, उनके बच्चे के प्रति प्यार से अधिक हो. क्रोध आपको यह भूला देता है कि आप किससे प्यार करते हैं और आप किस काम के लिए जिम्मेदार हैं. एक बच्चे के लिए सबसे सुरक्षित जगह उसके माता-पिता की गोद में होनी चाहिए. अपने बेटे को प्यार से गले लगाने के बजाय, उसने उसका गला काट दिया और भाग्य के सबसे क्रूर मोड़ में उसे उसी दुनिया से दूर कर दिया, जिसमें वह उसे लेकर आई थी. हालांकि बयान में उस लड़के का नाम नहीं बताया गया, जिसे घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया था. रिपोर्ट में कहा गया है।

संसद में पहुंचने के लिए तैयार पीएम कार्नी, लिबरल पार्टी का एलान- नेपियन क्षेत्र से लड़ेंगे आम चुनाव

टोरंटो, एजेंसी। कनाडा के नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने पहली बार संसद में पहुंचने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। शनिवार को लिबरल पार्टी ने एलान किया कि कार्नी ओटावा क्षेत्र के एक जिले से चुनाव लड़ेंगे। कनाडा में 28 अप्रैल को मतदान होना है। इस बार कनाडा चुनाव में व्यापार युद्ध और डोनाल्ड ट्रंप के कनाडा को अपना राज्य बनाने के मुद्दे अहम होंगे। लिबरल पार्टी ने कहा कि कार्नी ओटावा के उपनगरीय क्षेत्र नेपियन से चुनाव लड़ेंगे। कार्नी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ओटावा में उन्होंने अपने परिवार का पालन-पोषण किया और अपना करियर सार्वजनिक सेवा के लिए समर्पित किया। उन्होंने पहले कनाडा के केंद्रीय बैंक के प्रमुख और उससे पहले इसके डिप्टी के रूप में कार्य किया। कनाडा के हाउस ऑफ कॉमन्स में 343 सीटों के लिए चुनाव अभियान 37 दिनों तक चलेगा। कार्नी ने 14 मार्च को कहा था कि संकट के समय में सरकार को एक मजबूत और स्पष्ट जनादेश की आवश्यकता है। सीबीसी के पोल ट्रैकर के अनुसार, आम चुनाव में वर्तमान पीएम मार्क कार्नी दोबारा सत्ता में लौट सकते हैं। उनके नेतृत्व वाली लिबरल पार्टी 37.7 प्रतिशत के साथ आगे चल रही है, जबकि कंजर्वेटिव 37.4 फीसदी समर्थन के साथ उनसे पीछे हैं। कार्नी ने 14 मार्च को कनाडा

के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। उन्होंने तब देश की बागडोर संभाली जब कनाडा कई मोर्चों पर संकटों का सामना कर रहा था। प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद अपनी पहली टिप्पणी में कार्नी ने कहा था कि हम एक ऐसी सरकार बना रहे हैं जो इस समय की चुनौतियों का सामना कर रही है। उन्होंने बिना अमेरिका का नाम लिए अपने इरादे साफ कर दिए थे। उन्होंने कहा था कि कनाडाई लोग कार्रवाई की उम्मीद करते हैं और उनकी टीम यही करेगी। उन्होंने कहा था कि अभी, हम एक ऐसी सरकार बना रहे हैं जो हमारे देश की सबसे ज्यादा जरूरतें पूरी करेगी। हम इस संकट के दौरान कनाडाई लोगों की रक्षा करेंगे और भविष्य के लिए एक मजबूत अर्थव्यवस्था का निर्माण करेंगे। उन्होंने कनाडा को 51वां अमेरिकी राज्य बनाने के ट्रम्प के बार-बार सुझाव को भी खारिज कर दिया था। पोलीवरे हैं कंजर्वेटिव से प्रमुख चेहरा जब तक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा पर टैरिफ नहीं लगाने का एलान किया था कि तब तक विपक्षी कंजर्वेटिवों को उम्मीद थी कि वह आम चुनाव में ट्रूडो को मात दे देंगे। कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पियरे पोलीवरे प्रमुख चेहरा हैं। वे कनाडा के संघीय चुनाव में भारी जीत की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन ट्रंप की व्यापार और विलय की धमकियों ने उन्हें पटरी से उतार दिया। पोलीवरे एक पेशेवर राजनीतिज्ञ हैं। वे कहते हैं कि वे कनाडा को सबसे पहले रखेंगे। उनकी पार्टी ने घोषणा की है कि वह अपने अभियान बसों और विमानों में मीडिया को अनुमति नहीं देगी।

सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, सोमवार 24 मार्च 2025 | 8

शहीद दिवस भारत के उन वीर सपूतों की याद दिलाता है, जिन्होने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। 23 मार्च 1931 को भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव को अंग्रेजी हुकूमत ने फांसी पर लटका दिया था। उक्त आशय के विचार नागेन्द्र सिंह कल्चुरी ने वीर सपूतों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये व्यक्त किया।

ईआरओ, डीईओ, सीईओ स्तर पर राजनीतिक दलों के साथ जमीनी स्तर की बैठकें जारी

बैठकों में राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी

रीवा

देश भर में 4,123 ईआरओ अपने-अपने विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों (एसी) में मतदान केंद्र स्तर पर लंबित किसी भी मुद्दे का समाधान करने के लिए सर्वदलीय बैठकें कर रहे हैं। इसी तरह, सभी 28 राज्यों और 8 संघ राज्य-क्षेत्रों के सभी 788 जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) और 36 सीईओ को जिला और राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र स्तर पर ऐसी बैठकों का आयोजन करने तथा लंबित मुद्दों का समाधान लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960, निर्वाचनों का संचालन नियम 1961 में निर्धारित कानूनी ढांचे और आयोग द्वारा समय-समय पर जारी मैनुअल, दिशा-निर्देशों और अनुदेशों के भीतर करने का निर्देश दिया गया है। राष्ट्रीय/राज्यीय राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी के साथ ये बैठकें पहले ही शुरू हो चुकी हैं। ऐसी सभी बैठकें पूरे देश में प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र, जिले और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में 31 मार्च 2025 तक पूरी कर ली जाएंगी।

यह कदम आयोग द्वारा 4 मार्च, 2025 को आईआईआईडीईएम, नई दिल्ली में आयोजित सभी राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों के सीईओ और प्रत्येक राज्य से एक डीईओ और ईआरओ की भागीदारी वाले सम्मेलन के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में तथा निर्वाचन आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधु और डॉ. विवेक जोशी की उपस्थिति में दिए गए निदेशों के अनुरूप है। राजनीतिक दलों और उनके अधिकृत प्रतिनिधियों जैसे बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए), पोलिंग एजेंटों, काउंटिंग एजेंटों और चुनाव एजेंटों की चुनाव संचालन सहित विभिन्न चुनावी प्रक्रियाओं में विशिष्ट भूमिकाएं होती हैं।

विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों, जिलों और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में आयोजित बैठकों में सक्रिय रूप से और उत्साहपूर्वक भाग लेकर राजनीतिक दलों द्वारा जमीनी स्तर पर उनकी इस प्रकार की भागीदारी का स्वागत किया गया है। आयोग सभी राष्ट्रीय/राज्यीय राजनीतिक दलों से अपील करता है कि वे किसी भी लंबित मुद्दे को समयबद्ध तरीके से हल करने के लिए चुनाव अधिकारियों के साथ अपनी इस जमीनी स्तर की भागीदारी का सक्रियतापूर्वक लाभ उठाएं। राष्ट्रव्यापी स्तर पर आयोजित राजनीतिक दलों की इन बैठकों की तस्वीरें आयोग के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल एट द रेट ईसीआई स्वीप पर देखी जा सकती हैं।

कलेक्टर आज करेंगी टीएल पत्रों की समीक्षा

रीवा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल टीएल बैठक में 24 मार्च को समय सीमा के पत्रों की समीक्षा के साथ ही सीएम हेल्पलाइन की विभागवार अद्यतन स्थिति की समीक्षा करेंगी। कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित बैठक में विभागीय अधिकारियों को उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं।

समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम स्थगित

रीवा। समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 24 मार्च को आयोजित किया जाना था जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। आगामी समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम की तिथि पृथक से जारी की जाएगी।

संभागीय अधिकारियों का ई-आफिस का प्रशिक्षण आज से

रीवा। शासन के निर्देशों के अनुसार कार्यालय के सामान्य काज एवं फाइलों के निराकरण के लिए ई-आफिस ऑनलाइन व्यवस्था लागू की जा रही है। इससे जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मचारियों के ईमेल आईडी बनाकर सॉफ्टवेयर में दर्ज किये जा रहे हैं। ई-आफिस प्रणाली का संभागीय अधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा है कि प्रशिक्षण ई दक्ष केन्द्र शिल्पी प्लाजा बी-ब्लाक रीवा में 24 और 25 मार्च को आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण तीन पलियों में दिया जायेगा। प्रशिक्षण के लिए जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष पटेल को नोडल अधिकारी बनाया गया है। कमिश्नर ने बताया कि 24 मार्च को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जल संसाधन विभाग, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, ग्रामीण यांत्रिकीय विभाग, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क प्राधिकरण विभाग तथा मध्यप्रदेश सड़क निगम एवं पीआईयू के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसी दिन दोपहर 12.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक आयोजित प्रशिक्षण में सेतु विकास निगम, लोक शिक्षण, महिला एवं बाल विकास विभाग, उद्योग विभाग, पशुपालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सामाजिक न्याय विभाग तथा नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसी दिन दोपहर 3 बजे से शाम 5.30 बजे तक आयोजित कार्यक्रम में उच्च शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी, सहकारिता, पेंशन कार्यालय, मछली पालन विभाग, डेयरी विभाग तथा जिला विपणन संघ को प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के दूसरे दिन 25 मार्च को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक मंडी बोर्ड, नागरिक आपूर्ति निगम, खाद विभाग, ट्राईवल, खनिज, आबकारी, हाउसिंग बोर्ड, स्थानीय निधिसम परीक्षा के अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। दोपहर 12.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक कृषि अभियांत्रिकी, श्रम, योजना, सांख्यिकी, मेडिकल कॉलेज, आजीविका मिशन, आयुर्वेद विभाग, जिला पंजीयक तथा नगर एवं ग्राम निवेश विभाग को प्रशिक्षण दिया जायेगा। दोपहर 3 बजे से शाम 5.30 बजे तक लोक निर्माण विभाग विद्युत यांत्रिकी, प्रदूषण मंडल, लीड बैंक, सौर ऊर्जा, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास, राष्ट्रीय सड़क विकास प्राधिकरण, पिछड़ावर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग तथा जेल विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्रों में समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के दिए निर्देश

रीवा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले के सभी उपार्जन केन्द्रों में समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने गेंहू उपार्जन केन्द्र के प्रशासक, समिति प्रबंधक, खरीदी प्रभारी एवं आपरेटर को निर्देशित किया है कि उपार्जन केन्द्रों में इंटरनेट कनेक्शन, कम्प्यूटर, लैपटाप प्रिंटर के अतिरिक्त विद्युत एवं जनरेटर की सुविधा उपलब्ध कराएं। किसानों के लिए प्रतीक्षा कक्ष में दरी, कुर्सी, पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय व्यवस्था एवं छाया की व्यवस्था आवश्यक रूप से सुनिश्चित करें। उपार्जन केन्द्र में मॉइश्चर मीटर, छन्ना, पंखे, परखी की व्यवस्था सहित तौलकांटा, बायोमैट्रिक डिवाइस, अनलोडिंग क्षेत्र टोल कक्ष एवं उपकरण की अस्थाई भण्डारण व्यवस्था रहे। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि उपार्जित गेंहू के बारदाने को भरने के उपरांत उपार्जन वर्ष, उपार्जन केन्द्र का नाम, किसान के पंजीयन क्रमांक की प्लास्टिक स्लिप को आवश्यक रूप से अंकित किया जाए। गेंहू के बोरे में टैग पर पंजीयन अंकित करना अनिवार्य किया गया है। इसका पालन न करने पर वैधानिक कार्यवाही करते हुए एफआईआर दर्ज की जाएगी। उन्होंने रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए जिले में सभी खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीदी सुगमतापूर्वक कराने के निर्देश दिए हैं।

पेयजल समस्या निराकरण के लिए मऊगंज में प्रकोष्ठ गठित

रीवा। मऊगंज जिले में ग्रीष्म ऋतु में जनजनित बीमारियों एवं संभावित पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण नियंत्रण एवं रोकथाम एवं पेयजल व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु जिला स्तरीय एवं विकासखण्ड स्तरीय प्रकोष्ठ का गठन किया गया जिसका फोन नं. 07663-299023 है। कंट्रोल रूम के प्रभारी संजीव कुमार तिवारी उपयंत्री मोबाइल नंबर 9993915589 हैं। कंट्रोल रूम में सहायक वर्ग तीन राजेश प्रताप सिंह मोबाइल नम्बर 7987195556 को भी तैनात किया गया है। कंट्रोल रूम में दिलीप साकेत मोबाइल नम्बर 9993788577 तथा सौरभ मिश्रा सहायक वर्ग तीन को प्रातः 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक तैनात किया गया है। भूपेन्द्र अहिरवार मोबाइल नंबर 8109785974 तथा दिनेश कोल भृत्य मोबाइल नंबर 9644632404 को दोपहर 2 बजे से रात 9 बजे तक तैनात किया गया है।

हैण्डपंपों के सुधार के लिए ग्रामवासी दे सकते हैं मोबाइल पर सूचना

रीवा

लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था बनाए रखने तथा तथा बिगड़े हैण्डपंपों के सुधार के लिए सहायक यंत्री एवं निर्माण एजेंसी को तैनात किया गया है। इस संबंध में कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय ने बताया कि हैण्डपंप सुधार के लिए ग्रामवासी सहायक यंत्री, उपयंत्री अथवा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को फोन के माध्यम से सूचना दे सकते हैं। सुधार योग्य हैण्डपंप में तत्काल सुधार किया जाएगा। यदि तीन दिवस के अंदर हैण्डपंपों में सुधार नहीं होता है तो संबंधित विकासखण्ड के प्रभारी सहायक यंत्री को अवगत कराएं। हैण्डपंप में यदि सात दिवस में आवश्यक सुधार नहीं हुआ तो निर्माण एजेंसी पर दो सौ रुपए प्रतिदिन का जुर्माना भी किया जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री ने बताया कि विकासखण्ड रीवा में हैण्डपंप सुधार के लिए मेसर्स रामकिंकर त्रिवेदी मोबाइल नम्बर 9993899193 को तैनात किया गया है। विकासखण्ड में सहायक यंत्री अतुल तिवारी मोबाइल नम्बर 8225858790, उप यंत्री रूचि तिवारी मोबाइल नम्बर 8429626580 तथा उप यंत्री प्राची सिंह मोबाइल नम्बर 9009833231 को तैनात किया गया है। विकासखण्ड गंगेव में निर्माण एजेंसी आशीष कुमार मिश्रा मोबाइल नम्बर 7987947495 को तैनात किया गया है। इस विकासखण्ड में भी सहायक यंत्री अतुल तिवारी मोबाइल नम्बर 8225858790 तथा उपयंत्री उपेन्द्र द्विवेदी मोबाइल नम्बर 9893870310 को तैनात किया गया है। सिरमौर में मेसर्स शिवशक्ति कान्स्ट्रक्शन मोबाइल नम्बर 9691691670 को तैनात किया गया है। इस विकासखण्ड में सहायक यंत्री सुधांशु शर्मा मोबाइल नम्बर 6264370138 तथा उपयंत्री कृष्णा अग्रवाल मोबाइल नम्बर 8817022531 को तैनात किया गया है।

विकासखण्ड जवा में मेसर्स शिवशक्ति कान्स्ट्रक्शन मोबाइल नम्बर 9691691670 को तैनात किया गया है। इस विकासखण्ड में सहायक यंत्री सुधांशु शर्मा मोबाइल नम्बर 6264370138 तथा उपयंत्री नितिन वर्मा मोबाइल नम्बर 9644695971 एवं उपयंत्री पवन प्रजापति मोबाइल नम्बर 9200348406 को तैनात किया गया है। विकासखण्ड रायपुर कर्चुलियान में निर्माण एजेंसी मेसर्स लक्ष्मेन्द्र प्रसाद शुक्ला को तैनात किया गया है। इस विकासखण्ड में सहायक यंत्री अतुल तिवारी मोबाइल नम्बर 8225858790 तथा उपयंत्री चारू द्विवेदी मोबाइल नम्बर 8839291789 एवं उपयंत्री आयुष नागर मोबाइल नम्बर 8770698955 को तैनात किया गया है। विकासखण्ड त्योंथर के लिए मेसर्स इंटरनेशनल स्पेश सिक्योरिटी फोर्स मोबाइल नम्बर 9752291747 को तैनात किया गया है। इस विकासखण्ड में सहायक यंत्री एपी तिवारी मोबाइल नम्बर 9589135484 तथा उपयंत्री अंकित पाण्डेय मोबाइल नम्बर 8269385027 को तैनात किया गया है।

लाखों रुपए के घर बेचकर मुकर गया बिल्डर , प्रशासन के पास चक्कर लगाने को मजबूर लोग

रीवा। आजकल बड़े-बड़े बिल्डर बिल्डिंग बनाकर घरों को फ्लैट को मनचाहे दामों पर बेचते हैं और उस समय वह तमाम शर्तें स्वीकार की जाती है जो उसे अपार्टमेंट को आकर्षक बना देती है लेकिन उसके बाद जब लोगों को उस बिल्डिंग यह पूरे कैंपस में कोई समस्या होती है तो बिल्डर और कंपनी दोनों ही किनारा करने लगते हैं ताजा मामला रीवा का है जहां निर्मल सिटी नाम की एक कॉलोनी बनाई गई जिसके फ्लैट बड़े दामों पर बेच भी दिए गए, लेकिन कॉलोनी के बनाने वाले बिल्डर ही अपने अनुबंध से पीछे हटने लगे और लोग परेशान होकर भटकने को मजबूर है। रीवा जिले के थाना चोरहटा थाना के पास एक कॉलोनी निर्मल सिटी का निर्माण किया गया जहां 100 से ज्यादा परिवार निवास करते हैं लोगों का कहना है कि उन्होंने घर 35 लाख से लेकर 80 लख रुपए तक लिए हैं जिसको लेते समय तमाम अनुबंध किए गए कहा गया कि तमाम सुविधाएं दी जाएगी सुविधाओं के नाम पर लोगों से ठगी की गई दरअसल कॉलोनी में क्लब हाउस बनाने के नाम पर 2 लाख से ज्यादा रुपए लोगों से लिए गए हैं लेकिन वह बनकर तैयार नहीं हुआ इसके अलावा बिल्डर भानु प्रताप सिंह के द्वारा कॉलोनी के ठीक बगल में एक नई कॉलोनी बनाई जा रही जिसके लिए रास्ता भी अंदर से दिया गया जिसके कारण कई बार दुर्घटनाएं होते-होते बची है रहने वाले लोगों का कहना है कि कई बार मना किए जाने के बाद बिल्डर भानु प्रताप सिंह और बेटे प्रखर प्रताप सिंह के द्वारा कॉलोनी में लोगों के साथ मारपीट और महिलाओं के साथ बदतमीजी की गई। इसके विरोध में आधा सैकड़ा से ज्यादा लोग एकजुट होकर थाने पहुंच गए और अपनी शिकायत दर्ज कराई है लोगों को कहना है कि घर देते समय यह कहा गया था कि आपको पूरी निजात दी जाएगी लेकिन अब उसे भंग किया जा रहा है और विरोध करने पर गुंडागर्दी और मारपीट की जा रही है महिलाओं का कहना है कि हम प्रशासन के सामने गुहार लगा रहे हैं कि हमें न्याय दिया जाए। पुलिस इस पूरे मामले पर कार्यवाही की बात कह रही है पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों को सुना जाएगा उसके बाद ही इस पर कोई निर्णय लिया जा सकता है।

शहीद दिवस पर ए.आई.एफ.बी.ने वीर सपूतों को अर्पित की श्रद्धांजलि

रीवा। शहीद दिवस भारत के उन वीर सपूतों की याद दिलाता है, जिन्होने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। 23 मार्च 1931 को भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव को अंग्रेजी हुकूमत ने फांसी पर लटका दिया था उक्त आशय के विचार ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक मध्यप्रदेश के कार्यवाहक प्रदेशाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह कल्चुरी ने वीर सपूतों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये व्यक्त किये। कल्चुरी ने कहा कि तीनों क्रांतिकारियों ने न केवल अपने बलिदान से भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी, बल्कि अपने विचारों से युवाओं के दिलों में देशभक्ति की अलख जगाई।

जल संरक्षण कार्यों के लिए चलेगा जल गंगा संवर्धन अभियान

रीवा

प्रदेश के साथ साथ रीवा संभाग के सभी जिलों में 30 मार्च से 30 जून 2025 तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जायेगा। इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा है कि संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शासन के निर्देशों के अनुरूप जल गंगा संवर्धन अभियान की तीन माह की कार्यों योजना तैयार कर लें। जिले के जिन क्षेत्रों में भूजल स्तर में तेजी से गिरावट हो रही है तथा गर्मियों में पेयजल का संकट हो सकता है ऐसे क्षेत्रों को कार्य योजना में शामिल करें। ग्रामीण विकास विभाग की मनरेगा योजना तथा अन्य योजना से जल संवर्धन और संरक्षण के कार्य प्राथमिकता से करायें। प्रत्येक ग्राम पंचायत में उपयुक्त स्तर पर कम से कम एक कार्य आवश्यक करायें। परंपरागत जल स्त्रोतों के जीर्णोधार एवं विकास के कार्य भी इसमें शामिल करें। जल संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। पानी ही पृथ्वी पर जीवन का आधार है।

पानी के बिना मानव जीव जन्तु और पेड़ पौधे सभी का जीवन संकट में पड़ जायेगा। वर्षा जल को संक्षिप्त और संरक्षित करने तथा पृथ्वी में भण्डारित करने के लगातार प्रयास करना आवश्यक है। इसके लिए जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में स्वयं सेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों तथा आमजनता की भी भागीदारी सुनिश्चित करें। जिला और विकासखण्ड स्तर पर समारोह पूर्वक जल संरक्षण कार्यों का शुभारंभ करें।

मप्र शिक्षक संघ के नवगठित कार्यकारिणी की प्रथम बैठक सम्पन्न

रीवा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय 3 रीवा में म.प्र.शिक्षक संघ जिला इकाई रीवा के नव गठित जिला कार्यकारिणी की प्रथम बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मार्गदर्शक के रूप में डॉ.कौशलेन्द्रमणि त्रिपाठी प्रान्तीय संस्कृति प्रकोष्ठ एवं पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय, जिलाध्यक्ष जितेन्द्र चतुर्वेदी की उपस्थिति रहे। बैठक की कार्यवाही सचिव अरुण कुमार द्विवेदी ने प्रारम्भ की जिसमें सभी नव निर्वाचित ब्लाक, नगर, तहसील एवं जिला इकाई के सदस्यों का परिचय प्राप्त किया। डॉ.कौशलेन्द्रमणि के द्वारा नव निर्वाचित इकाईयों के प्रतिनिधियों को सम्बोधित किया तत्पश्चात नगर अध्यक्ष डॉ.राजेश शुक्ला द्वारा अपना परिचय एवं उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। गंगा प्रसाद पाण्डेय तहसील अध्यक्ष हुजूर द्वारा शैक्षिक एवं शिक्षक समस्याओं के वारे में अपने विचार रखे। शरद पई विकासखण्ड रीवा के अध्यक्ष द्वारा विद्यालयों के छात्रों का नामांकन बढ़ाने का सुझाव दिया। जवा विकासखंड अध्यक्ष कुबेर सिंह बघेल ने सहायक अध्यापक सम्मिलियन की बात रखी। गंगेव विकासखण्ड मनगवां तहसील अध्यक्ष संदीप मिश्रा ने नवीन नियुक्ति शिक्षकों के सम्मिलियन की बात कही। रायपुर कर्चु.विकासखण्ड के अध्यक्ष अशोक मिश्रा द्वारा सुझाव दिया गया कि जिले की मासिक बैठक हर विकासखण्ड में आयोजित की जावे। श्यामसुन्दर सिंह सचिव हुजूर ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में भृत्य की नियुक्ति होनी चाहिये। सिरमौर विकासखण्ड खगेन्द्र सिंह अध्यक्ष ने श्यामसुन्दर की मांग का समर्थन किया तत्पश्चात् जिला इकाई के उपाध्यक्ष धर्मराज पाल द्वारा संगठन की महत्ता बताई। जिला सचिव अरुण द्विवेदी द्वारा कहा गया कि सभी नगर विकासखण्ड तहसील इकाई के कार्यकर्ता संकुल स्तर पर जाकर छात्र एवं शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण करें। रवीन्द्र शुक्ल ने सभी को साथ लेकर काम करने की बात की। डॉ.करुणा तिवारी जिला उपाध्यक्ष द्वारा शिक्षको से गैर शिक्षकीय कार्य न कराने की बात की।

टीआरएस कॉलेज के भौतिकी एवं कम्प्यूटर साइंस विभाग द्वारा अनुसंधान और विकास में एआई का अनुप्रयोग विषय पर

दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन

रीवा। शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा के भौतिक शास्त्र एवं कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा दिनांक 22 एवं 23 मार्च 2025 को दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी अनुसंधान और विकास में एआई का अनुप्रयोग का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी के मुख्य अतिथि डॉ. राजेंद्र कुडरिया कुलगुरु अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा तथा अध्यक्ष संरक्षक/प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी प्राचार्य शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा तथा मुख्य वक्ता डॉ. सतानंद मिश्र। संगोष्ठी के संयोजक डॉ.अच्युत पांडे, सह संयोजक डॉ. अमित तिवारी एवं आयोजक सचिव प्रो.

ओम प्रकाश शुक्ल थे। राष्ट्रीय संगोष्ठी का प्रारंभ विधिवत सरस्वती पूजन व वंदना तथा माननीय अतिथि गणों का पुष्पगुच्छ से स्वागत करके हुआ। प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का महाविद्यालय परिवार की तरफ से स्वागत किया। तत्पश्चात अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं किट भेंट की गई। संगोष्ठी के उद्देश्यों का वाचन संयोजक डॉ. अच्युत पाण्डेय के द्वारा किया गया। डॉ.अच्युत पांडे ने कहा कि आज के युग में एआई ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रत्येक क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं। इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य एआई के अनुसंधान में हो रहे विकास को समझना और इसके भौतिक शास्त्र तथा कंप्यूटर विज्ञान में उपयोग की संभावनाओं पर विचार-विमर्श करना है, डॉ. सतानंद मिश्रा ने की नोट एड्रेस देते हुए बताया कि एआई के क्षेत्र में हो रहे अभूतपूर्व विकास और इसके अनुसंधान एवं विकास के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ने पिछले कुछ दशकों में तकनीकी दुनिया में अभूतपूर्व परिवर्तन किए हैं। यह न केवल कंप्यूटर विज्ञान, बल्कि भौतिक शास्त्र, जीवन विज्ञान, चिकित्सा और अन्य कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रो. सुभाष चंद्र चतुर्वेदी ने इस अवसर पर एआई के भौतिक शास्त्र में संभावित अनुप्रयोगों पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने बताया कि कैसे एआई का उपयोग मौलिक भौतिकी अनुसंधान में, जैसे कण भौतिकी, क्वांटम कंप्यूटिंग, और आण्विक भौतिकी में नई खोजों के लिए किया जा सकता है।

मुख्य अतिथि डॉ. राजेन्द्र कुमार कुडरिया ने अपने उद्बोधन में कहा की हमारे देश में एआई के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को नई दिशा देने की आवश्यकता है। इस संगोष्ठी का आयोजन इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि यह न केवल विभिन्न वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को एक मंच प्रदान करता है, बल्कि यह छात्रों को एआई के क्षेत्र में अपनी रुचि और कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित भी करता है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833